TarunMitra TarunMitra TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

पटना
वर्षः 25 अंक 60
मंगलवार 16 जून, 2026

तापमान
अधिकतम 37°C
न्यूनतम 28°C

मूल्य 3 रुपए
पृष्ठ-8
बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित
www.tarunmitra.in

## होर्मुज पर अमेरिका-ईरान शांति समझौते का ऐलान

### ट्रंप का दावा-डील पूरी, शुक्रवार को जिनेवा में होंगे हस्ताक्षर

**वाशिंगटन, 15 जून।** पश्चिम एशिया में कई महीनों से जारी तनाव के बीच अमेरिका और ईरान एक महत्वपूर्ण शांति समझौते पर सहमत हो गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच बनी सहमति क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों के आसपास की अपनी नौसैनिक नाकाबंदी हटा लिए हैं और शुक्रवार को स्विट्जरलैंड के जिनेवा में समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर होने के बाद रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को अंतरराष्ट्रीय जहाजों के लिए फिर से खोल दिया जाएगा।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रूथ सोशल' पर कहा कि समझौते के लागू होने से तेल, गैस और अन्य आवश्यक वस्तुओं की वैश्विक आपूर्ति सामान्य होगी तथा समुद्री व्यापार में आई बाधाएं समाप्त हो जाएंगी। उन्होंने इसे अपनी प्रमुख कूटनीतिक उपलब्धियों में शामिल बताते हुए दावा किया कि इससे पूरे क्षेत्र में शांति का नया दौर शुरू हो सकता है। ट्रंप ने यह भी कहा कि समझौता सुनिश्चित करेगा कि होर्मुज जलडमरूमध्य भविष्य में भी टोल फ्री बना रहे। दुनिया के समुद्री तेल व्यापार का बड़ा हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। पिछले महीनों में बढ़ते सैन्य तनाव, जहाजों की आवाजाही में बाधाओं और सुरक्षा चिंताओं के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार प्रभावित हुए थे। ऐसे में इस समझौते को अंतरराष्ट्रीय व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार ने भी पुष्टि की है कि अमेरिका और ईरान के बीच समझौता हो चुका है तथा इसके औपचारिक हस्ताक्षर 19 जून को जिनेवा में होंगे। उन्होंने मध्यस्थता प्रक्रिया में सहयोग के लिए सऊदी अरब, कतर और तुर्किये का आभार व्यक्त किया।

**सहमति**

- होर्मुज जलडमरूमध्य खुलेगा, नौसैनिक नाकाबंदी हटाई
- इजराइल ने समझौते को अपने लिए गैर-बाध्यकारी बताया



### शांति समझौते का संयुक्त राष्ट्र ने किया स्वागत

**नई दिल्ली/संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अमेरिका और ईरान के बीच घोषित शांति समझौते का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्रीय तनाव कम करने और स्थायी शांति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि इस समझौते में तत्काल और स्थायी युद्धविराम, होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने तथा आगे की वार्ता के लिए रूपरेखा तैयार करने का प्रावधान शामिल है।

### पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता बहाल होने की उम्मीद : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अमेरिका और ईरान के बीच पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए बनी सहमति का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत को उम्मीद है कि इस समझौते के क्रियान्वयन से क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल होगी तथा वैश्विक व्यापार और नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित हो सकेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण दुनिया भर में गंभीर आर्थिक व्यवधान उत्पन्न हुआ है और कई देशों में जनहानि भी हुई है। ऐसे में अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष समाप्त करने के लिए बनी समझ का वह स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा, 'भारत को आशा है कि इस समझ के प्रभावी क्रियान्वयन से क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल होगी तथा नौवहन और वाणिज्य की स्वतंत्रता सुनिश्चित होगी।'

## यूक्रेन की राजधानी पर रूस का भीषण हमला, चार की मौत

**कीव (यूक्रेन), 15 जून।** रूस ने सोमवार देर रात यूक्रेन की राजधानी कीव पर बड़ा हवाई हमला किया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 20 लोग झुलस गए। हमले में शहर के बीचों-बीच स्थित लगभग एक हजार वर्ष पुराने ऐतिहासिक कीव पेचेर्स्क लावरा मठ परिसर में भी आग लग गई। आग से डॉर्मिशन कैथेड्रल को नुकसान पहुंचा, जबकि दमकलकर्मियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, हमले के कारण राजधानी के उत्तरी हिस्से में करीब 1.40 लाख घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। यूक्रेन की संस्कृति मंत्री टेट्याना बेरेजना ने कहा कि रूसी हमले में मठ परिसर के महत्वपूर्ण हिस्से क्षतिग्रस्त हुए हैं। वहीं, यूक्रेन के मेट्रोपॉलिटन एपिफेनियस ने इस ऐतिहासिक और पवित्र स्थल की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करने की अपील की। कीव पेचेर्स्क लावरा मठ यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है। वर्ष 2023 में इसे रूसी हमलों के खतरे के कारण 'खतरे में पड़ी विश्व धरोहर' की सूची में भी रखा गया था। 11वीं सदी में स्थापित यह मठ यूक्रेन की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रमुख केंद्र माना जाता है। उधर, यूक्रेन के गृहमंत्री इहोर क्लिमेनको ने बताया कि उत्तर-पूर्वी शहर खार्किव में रूसी बमबारी में पांच लोगों की मौत और पांच अन्य घायल हुए हैं। यह हमला ऐसे समय हुआ जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत चल रही थी।



- एक हजार वर्ष पुराने ऐतिहासिक कीव पेचेर्स्क लावरा मठ में तबाही, 20 लोग झुलसे

## संक्षिप्त समाचार

### नीट पुनर्परीक्षा के लिए चार लाख अभ्यर्थियों ने डाउनलोड किए प्रवेश पत्र

**नई दिल्ली, 15 जून।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने कहा है कि 21 जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2026 पुनर्परीक्षा के लिए अब तक लगभग 4 लाख अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) डाउनलोड कर चुके हैं। हालांकि कुछ उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के दौरान तकनीकी गड़बड़ियों और सर्वर संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिन्हें दूर करने के लिए एजेंसी की टीमें लगातार काम कर रही हैं।

### टीवी अभिनेत्री संचिता उगले ने की आत्महत्या, मनोरंजन जगत में शोक

**मुंबई, 15 जून।** टेलीविजन जगत की जानी मानी अभिनेत्री संचिता उगले अपने घर में मृत पाई गईं हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उन्होंने कथित तौर पर आत्महत्या की है। पुलिस मामले की गहन छानबीन कर रही है। घटना के बाद मनोरंजन जगत और उनके प्रशंसकों के बीच शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस के मुताबिक संचिता अपने माता-पिता और बहन के साथ मुंबई महानगर क्षेत्र के नालासोपारा में रहती थीं। घटना के समय वह घर में अकेली थीं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि उन्होंने साड़ी के सहारे फांसी लगाई।

### तीन भारतीय नाविकों की मौत पर सरकार का रुख निराशाजनक : कांग्रेस

**नई दिल्ली, 15 जून।** कांग्रेस ने ओमान की खाड़ी में अमेरिकी हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत पर दुख जताया है। पार्टी ने सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि हमारे नागरिकों की मौत पर सरकार चुप क्यों है? पार्टी ने पीड़ितों के लिए न्याय की मांग करते हुए वैश्विक मंच पर सरकार के रुख को बेहद कमजोर और निराशाजनक बताया है।

## अमेरिका के मिसौरी में विमान हादसा, 12 लोगों की मौत

**वाशिंगटन, 15 जून।** अमेरिका के मिसौरी राज्य में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी 12 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार हादसा रविवार को बटलर मेमोरियल एयरपोर्ट के निकट हुआ।

मिसौरी स्टेट हाईवे पेट्रोल ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि विमान दुर्घटना की सूचना मिलते ही आपातकालीन दल मौके पर पहुंच गया। प्रारंभिक रिपोर्टों के आधार पर विमान में सवार सभी 12 लोगों के मारे जाने की आशंका जताई गई है। अधिकारियों के मुताबिक दुर्घटना बटलर मेमोरियल एयरपोर्ट के आसपास हुई। हादसे के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है और जांच एजेंसियां दुर्घटना के पीछे की परिस्थितियों की पड़ताल कर रही हैं।

बटलर शहर कैनसस सिटी से लगभग 60 मील दक्षिण में स्थित है। दुर्घटनास्थल को सुरक्षा घेरे में लेकर राहत एवं जांच कार्य शुरू कर दिया गया है। स्थानीय प्रशासन ने कहा है कि मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है और जांच पूरी होने के बाद हादसे के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। अमेरिकी विमानन सुरक्षा एजेंसियों के विशेषज्ञ भी दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए घटनास्थल का निरीक्षण करेंगे।

## गयाजी के खिजरसराय में बनेगा अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियमः मुख्यमंत्री

**पटना, 15 जून।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने संयुक्त रूप से सोमवार को गयाजी जिला स्थित खिजरसराय में प्रौद्योगिकी केंद्र, गयाजी का भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान गयाजी-इस्लामपुर-खिजरसराय पथ के 20वें किमी से टेक्नोलॉजी सेंटर (देवगांव) तक पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का भी शिलान्यास किया गया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि खिजरसराय में अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम खोलने के लिए 40 एकड़ जमीन राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि हमें 14 करोड़ बिहारियों की जिम्मेवारी मिली है। बिहारी देश में विभिन्न पदों पर तथा विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते हुए देश की प्रगति में अपना योगदान दे रहे हैं। हम बिहार में ऐसी व्यवस्था बना रहे हैं कि बिहारी लौटकर बिहार आएंगे और बिहार को सुंदर एवं समृद्ध बनाने में अपना योगदान देंगे। 170 करोड़ रुपये लागत की प्रौद्योगिकी केंद्र का शिलान्यास किया गया है। इसके बगल में सड़क, स्टेडियम बनाया जाएगा। आप सब यहां आए हैं, आप सभी को धन्यवाद देता हूं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि क्राइम, करप्शन और कम्युनिलिज्म से किसी प्रकार समझौता नहीं होगा। हमने पुलिस को कह दिया है कि जो अपराधी पुलिस को चैलेंज करेगा उसे 48 घंटे के अंदर जवाब दें। अपराधियों का गयाजी में पिंड दान होगा या जेल में रहेंगे। ढेर सारे अपराधी बिहार छोड़कर चले गए हैं जो बचे हुए हैं उनका पता बताइए, उनपर तुरंत कार्रवाई होगी। भ्रष्टाचार से लड़ना है, न खाना है न किसी को खाने देना है। जब सभी लोग मिलकर काम करेंगे तो बिहार समृद्ध होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कल सहयोग शिविर का आयोजन है। हमने व्यवस्था कर दी है कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए आवेदन देते हैं तो 10 दिन में समाधान नहीं होता है तो 11वें दिन संबद्ध पदाधिकारी को पहला नोटिस जाएगा। 20 दिन में नहीं करते हैं तो 21वें दिन दूसरा नोटिस जाएगा, 25 दिन में नहीं होता है तो 26वें दिन तीसरा नोटिस जाएगा और 30 दिन में आवेदन का निष्पादन नहीं करेगा तो 31वें दिन निलंबन का नोटिस जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार समृद्ध होगा तो लोगों के बीच खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि हमने व्यवस्था कर दी है कि सभी सामाजिक पेंशनधारियों को हर महीने की 10 तारीख को उनके खाते में पेंशन की राशि चली जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 211 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोले जा रहे हैं। सभी प्रखंडों में मॉडल स्कूल खोले जाएंगे। इन स्कूलों में ऐसी शिक्षा की गुणवत्ता होगी कि नेता और अफसर के बच्चे भी इसमें पढ़ेंगे। उस दिन मेरा सपना पूरा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को खिजरसराय और अतरी को मुख्यधारा में लाने के लिए धन्यवाद देते हैं। हम भगवान श्रीराम के वंशज लव-कुश हैं। माता सीता के श्राप से फल्गू नदी को मुक्त कराएंगे।

इंद्रपुरी जलाशय, सोन नदी और बाण सागर समझौता से प्राप्त पानी को हर हालत में फल्गू नदी में लाने का काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले एमएसएमई मंत्रालय को लोग ठीक से जानते भी नहीं थे, लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार के दौरान इस विभाग में काफी काम हुये हैं। जीतन राम मांझी ने भी इस विभाग के मंत्री रहते हुए काफी कार्य किए हैं।

बिहार में वर्ष 2022 में एमएसएमई की संख्या 6 लाख ही थी जो अब बढ़कर 46 लाख से अधिक हो गयी है। इसमें 1 करोड़ 87 लाख लोगों को सीधा रोजगार प्राप्त हुआ है।

## भारत और स्लोवाकिया संबंधों को देंगे व्यापक साझेदारी का दर्जा

**नई दिल्ली, 15 जून।** भारत और स्लोवाकिया ने अपने संबंधों को 'व्यापक साझेदारी' का दर्जा देने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को स्लोवाकिया की राजधानी ब्रातिस्लावा में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह दोनों देशों के साझा विश्वास, प्राथमिकताओं और भविष्य का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी और स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फीको के बीच ब्रातिस्लावा में द्विपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त प्रेस वक्तव्य दिया।

इस दौरान दोनों नेता 'समझौता ज्ञापनों' के आदान-प्रदान के साक्षी बने। अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में स्लोवाकिया के विशेष सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही इसे जल्द अपनाए जाने के लिए मिलकर काम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहाकि दोनों देशों के उद्योग, स्टार्टअप और व्यापारियों को इसका अधिकतम लाभ मिलेगा।

रक्षा सहयोग के क्षेत्र में आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए जाने का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि क्षेत्र में सहयोग दोनों देशों के बीच विश्वास और रणनीतिक समझ का परिणाम है। इससे संयुक्त विकास, उत्पादन और रक्षा उद्योग सहयोग को नई गति मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्लोवाकिया की एक यूनिवर्सिटी में एआई के विषय पर भारतीय चेयर स्थापित की जा रही है। उनका मानना है कि एआई का भविष्य केवल नवाचार से नहीं बल्कि विश्वास, जिम्मेदारी और मानवीय सम्मान पर आधारित होना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के संबंधों को गहरे सांस्कृतिक और जन संबंधों पर आधारित बताया और कहा कि भारत के प्राचीन उपनिषदों का स्लोवाक भाषा में अनुवाद किया जाना हमारी सांस्कृतिक निकटता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

**वार्ता**

- मोदी-फीको वार्ता में रक्षा, व्यापार, एआई और अंतरिक्ष सहयोग बढ़ाने पर सहमति



## लगातार दूसरे दिन ईडी के समक्ष पेश हुए अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, 15 जून।** पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर से लोकसभा सांसद व तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी सोमवार को प्राथमिक शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय पहुंचे। उन्हें सुबह 11 बजे सॉल्टलेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में तलब किया गया था। हालांकि, वह निर्धारित समय से पहले ही वहां पहुंच गए। ईडी कार्यालय में प्रवेश करते समय उन्होंने मीडिया के सवालों पर कोई टिप्पणी नहीं की। अभिषेक की पेशी को लेकर इस बार सीजीओ कॉम्प्लेक्स में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था देखने को नहीं मिली। परिसर में न तो अतिरिक्त पुलिस बल और न ही केंद्रीय बलों की तैनाती की गई थी। इससे पहले जब भी अभिषेक जांच एजेंसियों के समक्ष पेश होते थे, तब पूरे क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरती जाती थी और आवाजाही पर भी नियंत्रण लगाया जाता था। अभिषेक को मंगलवार को भी सीआईडी ने फिर से तलब किया है। इसके अलावा सॉल्टलेक में दर्ज एक अन्य शिकायत के संबंध में राज्य पुलिस की खुफिया शाखा बुधवार को भी उनसे पूछताछ करना चाहती है। हालांकि, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने विधानसभा हस्ताक्षर जालसाजी मामले में उन्हें जांच में सहयोग करने का निर्देश देते हुए अगले दो सप्ताह तक उनके खिलाफ किसी भी कठोर कार्रवाई पर रोक लगाई है।

## पाकिस्तान वायुसेना का प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, दोनों पायलट मारे गए

**इस्लामाबाद, 15 जून।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मर्दान के पास सोमवार को पाकिस्तान वायुसेना का एक प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में दोनों पायलट फ्लाइट लेफ्टिनेंट मोहम्मद कासिम अब्दुल्ला और लेफ्टिनेंट तल्हा अब्बासी की मौत हो गई। दुनिया न्यूज ने इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार हादसे की वजह का पता लगाने के लिए वायु सेना मुख्यालय ने जांच बोर्ड का गठन किया है। देश के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने हादसे पर दुख जताते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

### एनडीएमए ने सेवा रोकी, कारण पर सरकार की आधिकारिक चुप्पी अब भी बरकरार

## खामोश हुआ इमरजेंसी अलर्ट, सवालों में सरकारी फैसला

प्रतिभा सिन्हा

**नई दिल्ली, 15 जून।** देशभर में प्राकृतिक आपदाओं, मौसम संबंधी खतरों और अन्य आपात स्थितियों की तत्काल सूचना लोगों तक पहुंचाने के लिए शुरू की गई सेल ब्रॉडकास्ट आधारित इमरजेंसी मोबाइल अलर्ट सेवा को केंद्र सरकार ने फिलहाल अस्थायी रूप से रोक दिया है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की ओर से जारी एडवाइजरी के बाद यह व्यवस्था अगले आदेश तक निलंबित कर दी गई है। हालांकि इस फैसले के पीछे की वजह पर सरकार ने अभी तक कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण नहीं दिया है।

मई 2026 में शुरू की गई इस सेवा का उद्देश्य किसी भी आपदा या गंभीर खतरे की स्थिति में प्रभावित क्षेत्र के लोगों तक कुछ ही सेकंड में चेतावनी पहुंचाना था। यह प्रणाली पारंपरिक एसएमएस से अलग है और मोबाइल नेटवर्क पर अधिक दबाव होने की स्थिति में भी एक साथ बड़ी संख्या में लोगों तक संदेश पहुंचाने में सक्षम मानी जाती है। अलर्ट आने पर मोबाइल स्क्रीन पर संदेश फ्लैश होता है और तेज ध्वनि के साथ लोगों का ध्यान आकर्षित करता है। हाल के दिनों में देश के विभिन्न हिस्सों में तेज आंधी, बारिश और अन्य मौसम संबंधी घटनाओं के दौरान इसी प्रणाली के माध्यम से लाखों लोगों को समय रहते चेतावनी संदेश भेजे गए थे।

आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ इसे जनहानि कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानते रहे हैं। एनडीएमए की ताजा एडवाइजरी में केवल इतना कहा गया है कि यह निर्णय एहतियात के तौर पर लिया गया है और अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। किसी तकनीकी खराबी, सुरक्षा कारण या अन्य प्रशासनिक वजह का उल्लेख नहीं किया गया है। यही कारण है कि सेवा बंद होने के बाद विभिन्न तरह की अटकलों ने भी जन्म ले लिया है।

सोशल मीडिया और कुछ मीडिया रिपोर्टों में यह दावा किया गया कि किसी वीवीआईपी तक अनचाहा अलर्ट पहुंचने या तकनीकी गड़बड़ी के कारण यह निर्णय लिया गया।

हालांकि इन दावों की अब तक न तो एनडीएमए, न दूरसंचार विभाग और न ही केंद्र सरकार ने पुष्टि की है।

**चर्चा**

- अगले आदेश तक सेल ब्रॉडकास्ट सेवा निलंबित, तकनीकी समीक्षा की चर्चा तेज
- अफवाहों के बीच सरकार ने निलंबन की वास्तविक वजह का नहीं किया खुलासा

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सीवान को देंगे 415 करोड़ की सौगात, पपौर में सहयोग शिविर से करेंगे विकास योजनाओं का शुभारंभ

**सीवान, 15 जून।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंगलवार 16 जून को सिवान जिले के पचरुखी प्रखंड अंतर्गत पपौर पंचायत पहुंचेंगे। यहां वे सात निश्चय योजना-3 के तहत आयोजित 'सबका सम्मान, जीवन आसान' सहयोग शिविर में भाग लेंगे तथा जिले को 415.18 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री जन समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से आयोजित सहयोग शिविर में शामिल होंगे। इस दौरान वे जिले की कुल 44 विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री 178.38 करोड़ रुपये की 18 योजनाओं का शिलान्यास तथा 236.80 करोड़ रुपये की 26 योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। कुल मिलाकर 415.18 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास उनके द्वारा किया जाएगा।

इसके बाद मुख्यमंत्री विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए 20 स्टॉलों का निरीक्षण करेंगे। इन स्टॉलों में जीविका, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, पंचायती राज, समाज कल्याण, ऊर्जा, परिवहन, सहकारिता, उद्योग, खेल, वन सहित अन्य विभागों की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी प्रदर्शित की जाएगी। निरीक्षण के उपरांत मुख्यमंत्री पपौर में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी लोगों को देंगे। जिला प्रशासन ने कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए व्यापक व्यवस्था की गई है।

## नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस के बड़े बेटे को चार साल की जेल

**ओस्लो, 15 जून।** नॉर्वे में शाही परिवार की क्राउन प्रिंसेस मेटे-मैरिट के बड़े बेटे मारियस बोर्ग होइबी को यौन अपराधों से जुड़े एक मामले में दोषी पाए जाने के बाद सोमवार को चार साल जेल की सजा सुनाई गई। अदालत ने होबी के खिलाफ लगाए गए चार आरोपों में से दो में उन्हें दोषी ठहराया, जबकि दो अन्य आरोपों से बरी कर दिया।

अदालत के फैसले के अनुसार ये मामले उन महिलाओं से जुड़े थे जो कथित रूप से सो रही थीं या किसी कारणवश विरोध करने की स्थिति में नहीं थीं।

आरोप है कि ये अपराध 2018 और 2024 के बीच हुए थे। इसके अलावा, होइबी को कई अन्य आरोपों का भी सामना करना पड़ा, जिनमें हमला, नशीली दवाओं से जुड़े अपराध और अदालत द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन शामिल था। हालांकि, होइबी ने गंभीर आरोपों से इनकार किया, लेकिन उन्होंने कुछ कम गंभीर अपराधों, जैसे नशीली दवाओं से संबंधित उल्लंघनों और कानूनी आदेशों के उल्लंघन को स्वीकार किया था। यह मामला नॉर्वे में व्यापक चर्चा का विषय बना रहा क्योंकि होइबी, मेटे-मैरिटके सबसे बड़े बेटे हैं। होबी का जन्म क्राउन प्रिंसेस की प्रिंस हाकोनसे शादी से पहले के एक रिश्ते से हुआ था।

हालांकि होइबी के पास कोई शाही उपाधि नहीं है और वे आधिकारिक शाही दायित्व नहीं निभाते हैं, फिर भी शाही परिवार से उनके संबंध के कारण मुकदमे पर देशभर की नजर बनी रही।

# स्कूल खुलने से पहले जागा प्रशासन, कोलासी-मधुरा मार्ग पर भारी वाहनों के परिचालन पर नियंत्रण को लेकर हुई बैठक

**कोलासी, कटिहार, 15 जून (तरुणमित्र)।** आगामी 20 जून से विद्यालय खुलने के मद्देनजर कोलासी-मधुरा होते हुए हवाई अड्डा की ओर जाने वाले भारी वाहनों के अनियंत्रित परिचालन पर रोक लगाने एवं सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर कोलासी पुलिस शिविर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।



बैठक में कोढ़ा सदर डीएसपी-2 सुनील कुमार शर्मा, ट्रैफिक थाना इंस्पेक्टर मुकेश कुमार मंडल, कोलासी पुलिस शिविर प्रभारी श्रवण कुमार, स्थानीय ग्रामीणों तथा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।बैठक के दौरान ग्रामीणों ने कोलासी-मधुरा सड़क मार्ग पर लगातार बढ़ रहे भारी वाहनों के आवागमन को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की। लोगों ने बताया कि कटिहार शहर में दिन के समय नो-एंट्री लागू रहने के कारण बड़ी संख्या में लोडेड ट्रक एवं अन्य भारी वाहन इस मार्ग का उपयोग कर रहे हैं। इससे सड़क पर दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है।

ग्रामीणों ने अधिकारियों को अवगत कराया कि आगामी 20 जून से विद्यालयों में पठन-पाठन शुरू होने वाला है। प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े छात्र-छात्राएं इसी सड़क मार्ग से पैदल, साइकिल एवं अन्य साधनों से विद्यालय आते-जाते हैं। ऐसे में तेज गति से गुजरने वाले भारी वाहनों के कारण किसी भी समय बड़ी दुर्घटना घट सकती है। कई स्थानों पर सड़क संकरी होने और आबादी वाले क्षेत्रों से होकर गुजरने के कारण खतरा और बढ़ जाता है।

बैठक में सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भारी वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने, निर्धारित समय तय करने, गति सीमा लागू करने तथा आवश्यकतानुसार यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने जैसे विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों की चिंताओं को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि बच्चों, आम नागरिकों एवं राहगीरों की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।डीएसपी सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं का समाधान आपसी समन्वय एवं जनसहभागिता से ही संभव है। वहीं ट्रैफिक इंस्पेक्टर मुकेश कुमार मंडल ने यातायात नियमों के पालन और वाहन चालकों को जागरूक करने पर बल दिया। कोलासी पुलिस शिविर प्रभारी श्रवण कुमार ने भी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने प्रशासन से विद्यालय अवधि के दौरान भारी वाहनों के परिचालन पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, नियमित निगरानी करने तथा दुर्घटना की आशंका वाले स्थलों पर विशेष व्यवस्था तथा नो एंट्री स्थल का विस्तार जिसमें हाजीपुर में लगे नो एंट्री स्थल को बढ़ाकर दिघरी चौक तक करने की मांग की। बैठक के अंत में सड़क सुरक्षा एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कदम उठाने पर सहमति बनी।

# गोविंदपुर में भागवत कथा के पांचवें दिन बाल लीला एवं गोपी प्रेम प्रसंग से भक्तिमय हुआ माहौल

**दरभंगा, 15 जून (तरुणमित्र)।** बहादुरपुर प्रखंड अंतर्गत गोविंदपुर स्थित राम जानकी मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद भागवत कथा महायज्ञ के पांचवें दिन श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला। कथावाचक पूज्य नटवर नारायण दास जी महाराज ने पांचवें दिन की कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोपी प्रेम, भक्त और भगवान के बीच अटूट संबंध तथा धर्म, सेवा एवं संस्कारों के महत्व की विस्तार से चर्चा की।



उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शक है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथावाचक ने कहा कि वर्तमान समय में परिवार एवं समाज में संस्कारों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को सत्य, सेवा, प्रेम एवं समर्पण का संदेश देती है।

कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन एवं संकीर्तन से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय बना रहा। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला केवल मनोरंजन का विषय नहीं बल्कि मानव जीवन को सरलता, निष्कपटता और प्रेम का संदेश देने वाली दिव्य शिक्षा हैं। गोपी प्रेम हमें यह सिखाता है कि जब मनुष्य अपने अहंकार का त्याग कर पूर्ण श्रद्धा से ईश्वर की शरण में जाता है तभी उसे वास्तविक आनंद और आत्मिक शांति प्राप्त होती है।

उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के माखन चोरी, बाल सुलभ चंचलता एवं भक्तों के साथ उनके आत्मीय संबंधों का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान अपने भक्तों के प्रेम से बंध जाते हैं और सच्ची भक्ति ही ईश्वर तक पहुंचने का सबसे सरल मार्ग है।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोढ़ा से चापाकल चोरी की कोशिश नाकाम, पत्रकारों की सतर्कता से बची सरकारी संपत्ति



**कोलासी, कटिहार, 15 जून (तरुणमित्र)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोढ़ा के परिसर में लगे चापाकल को असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी करने की कोशिश का मामला सामने आया है। हालांकि स्थानीय पत्रकारों की तत्परता और सतर्कता के कारण यह प्रयास विफल हो गया और विद्यालय की सरकारी संपत्ति सुरक्षित बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विद्यालय परिसर में लगे चापाकल को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा खोलकर ले जाने का प्रयास किया जा रहा था। इसी दौरान संयोगवश कोढ़ा के पत्रकार मनीष सिंह, करुणाकर झा, आमिर सोहेल एवं नारायण झा की नजर उस गतिविधि पर पड़ी। पत्रकारों को देखते ही असामाजिक तत्व घबरा गए और मौके का फायदा उठाते हुए चापाकल को वहीं छोड़कर फरार हो गए।

पत्रकारों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत इस घटना की सूचना विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार सिंह को दी। सूचना मिलते ही प्रधानाध्यापक विद्यालय पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद चापाकल को सुरक्षित रूप से विद्यालय के सुपुर्द कर दिया गया।प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार सिंह ने पत्रकारों की इस जागरूकता और जिम्मेदारी की सराहना करते हुए कहा कि यदि समय रहते यह सूचना नहीं मिलती, तो विद्यालय को काफी नुकसान हो सकता था।

उन्होंने कहा कि विद्यालय की संपत्ति की सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए स्थानीय लोगों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। इस घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्यालय जैसे सार्वजनिक स्थानों पर इस प्रकार की घटनाएं चिंता का विषय हैं और प्रशासन को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।गौरतलब है कि चापाकल जैसी मूलभूत सुविधाएं विद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों के लिए अत्यंत आवश्यक होती हैं। ऐसे में उनकी चोरी या क्षति से शिक्षण कार्य प्रभावित हो सकता है। फिलहाल पत्रकारों की सजगता के चलते एक बड़ी घटना टल गई और विद्यालय की संपत्ति सुरक्षित रह सकी।

## भीषण गर्मी एवं लू को देखते हुए विद्यालयों के संचालन समय में किया गया परिवर्तन

**गया, 15 जून (तरुणमित्र)।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी एवं लू की स्थिति को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के मद्देनजर जिले के डीएम शशांक शुभंकर द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किया गया है।जारी आदेश के अनुसार गया जिले के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों, प्री-स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा कोचिंग संस्थानों में कक्षा 8 तक की सभी शैक्षणिक गतिविधियों पर 16 जून 2026 से 20 जून 2026 तक प्रतिबंध लगाया है। वहीं कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाओं का संचालन पूर्वाह्न 11:00 बजे तक आवश्यक सावधानियों के साथ जारी रहेगा। विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया गया है कि वे आदेश के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन सुनिश्चित करें तथा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। जिला प्रशासन ने अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंधन से अपील की है कि वे गर्मी एवं लू से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतें तथा प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

## साहित्यिक भेटवार्ता सत्यम शिवम सुंदरम में डॉ कनक लता तिवारी की रचनाएँ सुन भावविभोर हुए श्रोतागण

**गयाजी, 15 जून (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की रविवारीय साहित्यिक भेंटवार्ता सत्यम्-शिवम्-सुंदरम् के गत अंक में आमंत्रित साहित्यकार के रूप में मुंबई, महाराष्ट्र की जानी-मानी वरिष्ठ साहित्यकार तथा शब्दवीणा की महाराष्ट्र प्रदेश संरक्षक प्रो. डॉ. कनक लता तिवारी ने एक से बढ़कर एक गीत, गजल, दोहे एवं मुक्तक सुनाए।कार्यक्रम का संयोजन शब्दवीणा की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने किया। डॉ कनक लता ने स्वरचित सरस्वती वंदना माँ शारदे तुझको नमन की समधुर प्रस्तुति से वार्ता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की संचालिका एवं वातार्कार जागृति सिन्हा ने शब्दवीणा गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी। उन्होंने डॉ कनकलता तिवारी की शैक्षणिक व साहित्यिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। वर्तमान समय में साहित्य की भूमिका, लघुकथा, नवगीत, गजल के विविध विषयों, रचनाओं में सटीक शब्दों के चयन के महत्व पर चल रही प्रश्नोत्तरी एवं बातचीत के दौरान डॉ. कनक लता तिवारी ने कहा कि साहित्य का उद्देश्य समाज की बुराइयों एवं विसंगतियों पर संतुलित ढंग से प्रहार करना होता है, ताकि एक सभ्य तथा सुसंस्कृत समाज का निर्माण के लिए लोग जागरूक हो सकें। उन्होंने साहित्य, समाज, और संस्कृति के बीच सुंदर तथा मधुर संबंधों की आवश्यकता पर विचार रखे।

मेरी खामोश निगाहों को रुलाए कोई, आज तो सूनी हवेली में पुकारे कोई, आज धरा पर कितने रावण कैसे तुम संहार करोगे, गीत लिखती हूँ, हाँ मैं गीत लिखती हूँ एवं जाने किस बात का बहाना है, चंद लम्हात का फसाना है जैसे मनमोहक गीत व गजलें सुनाकर डॉ कनकलता ने श्रोताओं तथा दर्शकों से खूब वाहवाहियाँ पायीं।डॉ कनकलता ने माधव मालती छंद में रचित गीत कौन मेरे दग्ध उर को दे गया मधुमास फिर से को सुमधुर स्वर में गाया।उन्होंने माँ पर रचित कविता दिल बनके जिस्म में धड़क रही हो तुम।हे माँ कहाँ गई हो तुम, वहाँ बादलों के घर में क्या रह रही हो तुम सुनाकर सभी को भावविभोर कर डाला।नाम तुम्हारा जाने कितनी सदियों, सालों मास लिखा है, बजे बाँसुरी, बाजे मीठी-सी धुन।पिया तेरी धुन पर हुई मैं मगन, कान्हा तुम अब आ भी जाओ, शस्य श्यामल इस धरा पर प्यार हो, एवं दे आह दिल को मेरे, जगमगा गया कोई गजलों को खूब सराहना मिली।

## संक्षिप्त समाचार

### घर गिराने की कोशिश का आरोप, पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

**कोलासी, कटिहार, 15 जून (तरुणमित्र)।** कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र के सोनापुर गांव की निवासी प्रवीण निशा ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर कुछ लोगों पर जबरन जेसीबी और ट्रैक्टर लगाकर उनके घर के समीप मिट्टी कटाई करने तथा घर गिराने की कोशिश का गंभीर आरोप लगाया है। आवेदन में कहा गया है कि 14 जून 2026 को दोपहर करीब 12 बजे 8 से 10 लोग लाठी-डंडे के साथ पहुंचे और जेसीबी व ट्रैक्टर की मदद से घर के पीछे की जमीन की मिट्टी काटने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने घर के पास मिट्टी कटाई कर परिवार को भयभीत करने का प्रयास किया। पीड़ित परिवार ने घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। आवेदन के अनुसार पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बाद में बढ़ती भीड़ को देखते हुए जेसीबी और ट्रैक्टर को वहां से हटाया गया। पीड़िता ने बताया कि घटना से संबंधित वीडियो फुटेज और लिखित शिकायत कोलासी ओपी प्रभारी को भी सौंपी गई है। इसके बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से परिवार में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा न्याय दिलाने की मांग की है।

### मुकुंद चौधरी को एमएलसी सुनील ने बनाया बहादुरपुर प्रखंड में अपना प्रतिनिधि

**दरभंगा, 15 जून (तरुणमित्र)।** बिहार विधान परिषद के सदस्य सुनील चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी के जिला पश्चिमी मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी को बहादुरपुर प्रखंड में अपना प्रतिनिधि मनोनीत किया है। उन्होंने इस संबंध में मनोनयन का पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी को भेज दिया है। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है की प्रखंड स्तरीय सभी सरकारी एवं गैर सरकारी बैठकों और कार्यक्रमों में उनकी अनुपस्थिति में मुकुंद चौधरी बैठक के लिए अधिकृत हैं। अपने मनोनयन पर मुकुंद चौधरी ने विधान पार्षद सुनील चौधरी को आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि यह दायित्व मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ जनसेवा का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

### अधिकारियों ने सभा स्थल का संयुक्त किया निरीक्षण

**गया, 15 जून (तरुणमित्र)।** बिहार के मुख्यमंत्री आगमन के मद्देनजर सीटी एसपी कोटा किरण कुमार अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों द्वारा खिजरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवगांव स्थित सभा स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, बैरिकेडिंग एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारियों को कार्यक्रम के सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सफल आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### सभी नियमों को तोड़ कर स्वास्थ्य कर्मियों को प्रतिनियुक्ति किया गया : डॉ जितेन्द्र

**गयाजी, 15 जून (तरुणमित्र)।** जिला जदयू नेता सह जिला कार्यक्रम कार्यन्यवन समिति 20 सूत्री के सदस्य डॉ जितेन्द्र कुमार ने कृषि मंत्री सह जिला प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिंहा,स्वास्थ्य मंत्री, स्वास्थ्य सचिव कुमार रवि, आयुक्त मगध प्रमंडल से अनुरोध कर कहा कि सिविल सर्जन कार्यालय में खिजरसराय स्वास्थ्य केंद्र के हेल्थ एजुकेटर संजय कुमार विगत वर्षों से सिविल सर्जन को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा किसी प्रकार के प्रति नियुक्ति पर रोक लगाने के बावजूद भी इन्हें कार्यालय में सारे नियमों को तोड़ते हुए तमाम संचिकाओ का निष्पादन करते हैं।और सिविल सर्जन इन्हीं के इशारे पर ही फाइलो का निष्पादन करते हैं।सदस्य डॉ कुमार ने कहा कि सिविल सर्जन के विरुद्ध कई बार आरोप बीस सूत्री सदस्यों द्वारा जिला स्तरीय बैठक में उठाते रहे।सदस्य डॉक्टर कुमार ने कहा कि ऐसी कई परिणाम है जो सभी नियमों को तोड़ कर स्वास्थ्य कर्मियों को प्रतिनियुक्ति किया गया है।संजय कुमार कार्यालय के महत्वपूर्ण फाइलों का निर्णय के बाद ही सिविल सर्जन संचिका का निष्पादन करते हैं।इनके कार्यकाल में जिले में अवैध रूप से नर्सिंग होम का संचालन एवं अनुज्ञप्ति मनमाने तरीके से दिया गया है।डॉ जितेन्द्र कुमार ने सिविल सर्जन के महत्वपूर्ण फाइलों की जांच अपराध इकाई से करने की मांग किया है।

### सीएम सम्राट चौधरी का हेलीपैड पर जदयू नेताओं ने किया स्वागत

**गया, 15 जून (तरुणमित्र)।** खिजरसराय के देवगांव आगमन पर सीएम सम्राट चौधरी का हेलीपैड पर जदयू नेताओं ने अंग वस्त्र एवं बुके देकर जोरदार स्वागत किया।जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने बताया की खिजरसराय अंतर्गत देवगांव में टेक्नोलॉजी सेंटर के भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का आगमन हुआ, जिसमें जदयू नेताओं के द्वारा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का स्वागत किया गया। पटेल ने कहा की गया जी के खिजरसराय अंतर्गत देवगांव में टेक्नोलॉजी सेंटर खुलने से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा।मुख्यमंत्री जब जब गया जी आते हैं नया सौगात लेकर आते हैं।पटेल ने सीएम द्वारा खिजररसराय में अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम बनाने एवं फल्गु नदी में सोन नदी का पानी लाने का घोषणा का सराहना करते हुए कहा की गया जी के लिए ऐतिहासिक दिन है।उन्होंने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रास्ते पर चलते हुए सीएम सम्राट चौधरी भी बिहार को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।स्वागत करने में जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा जदयू नेता कुंडल वर्मा, पूनम कुशवाहा, ज्योति दांगी, अरुण राव, धनंजय शर्मा, अरविंद वर्मा, बृजराज पांडे, कैलाश पासवान, प्रभात राउत, गौरव सिन्हा, पिंकी कुमारी सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन भारे-2, फतेहपुर में संपन्न

**गया, 15 जून (तरुणमित्र)।** महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार के तत्वावधान में मिशन शक्ति अंतर्गत संचालित सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड फतेहपुर के भारे-2 पंचायत में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा, सरकारी योजनाओं तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न सेवाओं के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को महिला हेल्पलाइन 181, घरेलू हिंसा से संरक्षण, बाल विवाह निषेध, दहेज प्रतिषेध, लैंगिक समानता, महिला सुरक्षा तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।साथ ही महिलाओं को किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न अथवा संकट की स्थिति में उपलब्ध सहायता सेवाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया।इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास निगम के कर्मी विशाल कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

## सेंट्रल बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स की 64वीं वार्षिक आमसभा में शामिल हुए विस अध्यक्ष

**गयाजी, 15 जून (तरुणमित्र)।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, बिहार सरकार की मंत्री श्रेयसी सिंह तथा जिले के डीएम शशांक शुभंकर ने सोमवार को गया शहर के हरिदास सेमिनरी स्थित प्रेक्षागृह में आयोजित सेंट्रल बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स, गया की 64वीं वार्षिक आमसभा में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चैंबर ऑफ कॉमर्स के वर्तमान अध्यक्ष प्रमोद भदानी ने की।

इसी क्रम में अध्यक्ष बिहार विधानसभा डॉ प्रेम कुमार, मंत्री श्रेयसी सिंह, डीएम शशांक शुभंकर सहित चेंबर के पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम का संचालन करते हुए चैंबर के संरक्षक कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने व्यापार एवं उद्योग जगत से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और चुनौतियों को विस्तार से रखा तथा उनके समाधान की आवश्यकता पर बल दिया।अपने स्वागत संबोधन में अध्यक्ष प्रमोद भदानी ने कहा कि चैंबर ऑफ कॉमर्स को जो दायित्व सौंपा गया है, उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं प्रतिबद्धता के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने और उनके समाधान के लिए संगठन सदैव सक्रिय रहेगा। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सेंट्रल बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स पिछले छह दशकों से अधिक समय से व्यापार, उद्योग एवं उद्यमिता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह संस्था व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने के साथ-साथ क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी उल्लेखनीय योगदान दे रही है।उन्होंने कहा कि व्यापार एवं उद्योग किसी भी राज्य और राष्ट्र की आर्थिक प्रगति के प्रमुख आधार होते हैं।एक मजबूत व्यापारिक व्यवस्था रोजगार के अवसर सृजित करती है तथा समाज की समृद्धि और विकास को गति प्रदान करती है।गया सहित पूरे मध्य बिहार में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में चैंबर ऑफ कॉमर्स की भूमिका सराहनीय रही है।

## सीएम के गया आगमन पूर्णत: सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ

**गया, 15 जून (तरुणमित्र)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का गया आगमन पूर्णतः सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।इस अवसर पर आयुक्त, मगध प्रमंडल, पुलिस महानिरीक्षक, मगध क्षेत्र, जिलाधिकारी, गया, वरीय पुलिस अधीक्षक, गया, नगर पुलिस अधीक्षक, गया सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया।बिहार मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर गया पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था तथा विधि-व्यवस्था संधारण हेतु व्यापक एवं सुदृढ़ प्रबंध किए गए थे।कार्यक्रम स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए थे, जिससे संपूर्ण आयोजन के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

# कर्पूरी चौक से दोनार चौक तक वन वे व्यवस्था लागू करने, अतिक्रमण हटाने व नो ट्रैफिक जोन विकसित करने का निर्देश

**दरभंगा, 15 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में शहर की ट्रैफिक एवं यातायात व्यवस्था को अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुगम बनाने को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर क्षेत्र में बढ़ते यातायात दबाव, सड़क अतिक्रमण तथा आपातकालीन सेवाओं के निर्बाध संचालन की समीक्षा हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कर्पूरी चौक से दोनार चौक तक वन वे यातायात व्यवस्था लागू करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था का उद्देश्य यातायात जाम को कम करना तथा आवागमन को अधिक सुचारु बनाना है।



उन्होंने निर्देश दिया कि एम्बुलेंस सेवा पूर्ववत संचालित रहेगी तथा किसी भी परिस्थिति में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं में बाधा उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने लहेरियासराय टावर से लोहिया चौक तक सड़क के दोनों ओर लगे ठेला, सब्जी विक्रेता, फल विक्रेता एवं अन्य अस्थायी अतिक्रमण को हटाने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कारवाई करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि यातायात संचालन के लिए चयनित क्षेत्रों को नो ट्रैफिक जोन के रूप में विकसित किया जाए तथा वहां यातायात नियंत्रण के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रकों का अनधिकृत ठहराव एवं पार्किंग नहीं होने दी जाएगी। संबंधित थानाध्यक्षों को इसकी नियमित निगरानी एवं अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।

उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर यातायात प्रबंधन को प्रभावी बनाने और बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए समयबद्ध कारवाई करने को कहा। बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, प्रभारी अनुमंडल पदाधिकारी सदर संजीत कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, संबंधित थानाध्यक्ष एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 1 जुलाई से सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के सभी आठ विभागों को पूर्ण रूप से संचालित करने का निर्देश

**दरभंगा, 15 जून (तरुणमित्र)।** प्रमंडलीय आयुक्त हिमांशु कुमार राय की अध्यक्षता में डीएमसीएचके रोगी कल्याण समिति की समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, अस्पताल प्रबंधन, आधारभूत संरचना, चिकित्सा संसाधनों की उपलब्धता तथा रोगियों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के समीक्षा की गई।




बैठक के प्रारंभ में आयुक्त ने डीएमसीएच अधीक्षक से सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की वर्तमान स्थिति एवं संचालन व्यवस्था के सम्बन्ध में फीडबैक लिया। समीक्षा के दौरान डीएमसीएच अधीक्षक ने बताया कि अस्पताल में कुल आठ विभागों के संचालन का लक्ष्य है जिनमें वर्तमान में छह विभाग कार्यरत हैं। आयुक्त ने संबंधित डॉक्टर को निर्देश दिया कि रोगियों की ईलाज, दवा वितरण, चिकित्सीय सुविधा आदि लापरवाही करने वाले डॉक्टर और कर्मियों पर सख्त कारवाई की जाएगी।

आयुक्त ने निर्देश दिया कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के पूर्ण संचालन के लिए आवश्यक चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, उपकरणों एवं अन्य संसाधनों की विस्तृत सूची तैयार कर शीघ्र उपलब्ध करायें। उन्होंने अधीक्षक को निर्देश दिया कि 1 जुलाई से सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के सभी आठ विभागों को पूर्ण रूप से संचालित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अस्पताल परिसर में सभी आवश्यक स्थानों पर स्पष्ट साइनेज लगाने का निर्देश दिया ताकि मरीजों एवं उनके परिजनों को संबंधित शाखाओं और ईलाज स्थलो तक पहुंचने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो।

उन्होंने ट्रामा सेंटर को सभी आवश्यक संसाधनों एवं व्यवस्थाओं के साथ लगातार कार्यशील बनाए रखने का निर्देश दिया ताकि दुर्घटना अथवा आपात स्थिति में आने वाले मरीजों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराकर घायलों की जीवन रक्षा की जा सकें। साथ ही उन्होंने ट्रॉमा सेंटर की जानकारी सभी थाना अध्यक्षों को देने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त एंबुलेंस सेवा,चालक उपलब्धता, अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन एवं एक्स-रे जैसी जांच सुविधाओं की भी समीक्षा की गई। आयुक्त ने अस्पताल परिसर में व्यापक स्तर पर सीसीटीवी कैमरा लगाने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल शौचालय आदि आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

बैठक में डीएमसीएच एवं सुपर स्पेशलिटी अस्पताल परिसर में जलजमाव की समस्या नहीं रहने देने का निर्देश दिया गया। इसके लिए नालों की नियमित सफाई कराने तथा नगर आयुक्त, महापौर एवं बुडको के अभियंताओं के साथ समन्वय बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने ब्लड बैंक को पूरी सक्रियता के साथ संचालित रखने तथा उपलब्ध सरकारी संसाधनों का उपयोग मरीजों के बेहतर उपचार हेतु सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में सीयूएसबी में रक्तदान प्रतिज्ञा समारोह आयोजन

**टिकारी (गया), 15 जून (तरुणमित्र)।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार एवं नेशनल ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल (एनबीटीसी) के सहयोग से ऑनलाइन माध्यम से रक्तदान प्रतिज्ञा समारोह का आयोजन किया गया।

कुलपति प्रो.कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस (एसएलजी) के अधिष्ठाता एवं अध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार एवं प्रो.पवन कुमार मिश्रा, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर (डीएसडब्ल्यू) के नेतृत्व में लीगल एड क्लिनिक के सहयोग से इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया। जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि ऑनलाइन माध्यम से प्रो. अशोक कुमार, प्रो. पवन कुमार मिश्रा, प्रो. सुरेन्द्र कुमार (समन्वयक, लीगल एड क्लिनिक), डॉ. अनुराग अग्रवाल, डॉ. निहारिका सिंह तथा डॉ. विकल कुमार सिंह के साथ बड़ी संख्या में प्रध्यापगण, कर्मी एवं छात्र इस कार्यक्रम में जुड़े।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिज्ञा समारोह के साथ हुआ जिसमें प्रतिभागियों ने स्वेच्छा से रक्तदान करने का प्रण लिया।

विभागाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार ने सभी प्रतिभागियों को रक्तदान की प्रतिज्ञा दिलाई तथा सभी प्रतिभागियों ने स्वैच्छिक रक्तदान एवं रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।अपने संबोधन में प्रो. सुरेन्द्र कुमार, समन्वयक, लीगल एड क्लिनिक ने मानव जीवन में रक्त के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने व्यक्तिगत अनुभव एवं विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का उत्कृष्ट माध्यम है, जिससे अनेक लोगों को नया जीवन प्रदान किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित एवं स्वैच्छिक रक्तदान हेतु आगे आने का आह्वान किया। प्रो पवन कुमार मिश्रा (डीएसडब्ल्यू) ने अपने संबोधन में कहा की आज भी समाज में रक्तदान को लेकर अनेक भ्रांतियां और आशंकाएँ मौजूद हैं।

# बिहार के सभी भूमिहीन परिवारों को मिलेगी तीन डिसमिल जमीन

## जल्द शुरू होगा अभियान बसेरा 3 : दिलीप जायसवाल

**किशनगंज, 15 जून (तरुणमित्र)।** बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा है कि राज्य के हर गरीब और वास भूमिहीन परिवार को सम्मानपूर्वक जीवन यापन के लिए मुफ्त भूमि उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। इसी कड़ी में 15 जून से 21 जून 2026 तक पूरे राज्य में अभियान बसेरा-2 के तहत विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके माध्यम से शेष सभी पात्र भूमिहीन परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाणपत्र उपलब्ध कराया जाएगा।



मंत्री ने कहा कि आजादी के 78 वर्ष बाद भी बिहार में बड़ी संख्या में ऐसे परिवार हैं, जिनके पास रहने के लिए अपनी जमीन नहीं है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने निर्णय लिया है कि राज्य के सभी भूमिहीन परिवारों को तीन डिसमिल जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए अगले दस दिनों के भीतर अभियान बसेरा-3 की शुरूआत की जाएगी। डॉ. जायसवाल ने बताया कि अभियान बसेरा-3 के तहत पात्र भूमिहीन परिवारों को न केवल मुफ्त जमीन उपलब्ध कराई जाएगी, बल्कि उन्हें आवासीय योजनाओं से जोड़कर मकान निर्माण की सुविधा भी दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में रहने वाले भूमिहीन परिवारों को उनके निकटवर्ती पंचायत क्षेत्रों में जमीन उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे स्थायी आवास का लाभ प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर मंत्री ने श्रावणी मेला 2026 की तैयारियों को लेकर भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राज्य के 13 जिलों में आयोजित होने वाले श्रावणी मेलों की तैयारियों के लिए कुल 5.50 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृत राशि में भागलपुर श्रावणी मेला के लिए 1.30 करोड़ रुपये, बांका और मुंगेर के लिए एक-एक करोड़ रुपये, लखीसराय के लिए 75 लाख रुपये, मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ एवं बाबा दूधनाथ मंदिर मेले के लिए 50 लाख रुपये तथा बेगूसराय के विभिन्न घाटों एवं धार्मिक स्थलों के लिए 30 लाख रुपये शामिल हैं। इसके अलावा जमुई, पूर्णिया और मधुबनी को 10-10 लाख रुपये, वैशाली एवं सारण को 2.50-2.50 लाख रुपये, पूर्वी चंपारण के अरेराज मंदिर को 5 लाख रुपये तथा जहानाबाद के वानावर श्रावणी मेला के लिए 25 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। मंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और बेहतर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए यह राशि उपलब्ध कराई गई है।

# विकसित भारत के संकल्प को लेकर सम्मेलन, जनसंपर्क पर जोर

**किशनगंज, 15 जून (तरुणमित्र)।** ठाकुरगंज नगर क्षेत्र स्थित हरिगोरी सभागार में विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आयोजित सम्मेलन में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा संगठनात्मक मजबूती पर विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिला प्रवक्ता कौशल किशोर यादव ने की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना जरूरी है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी देने और उन्हें जागरूक करने की आवश्यकता है।

वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों, महिलाओं, युवाओं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में जनभागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री हरि साहनी, बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह लक्खा, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सोनी देवी तथा नगर अध्यक्ष अतुल सिंह सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने पर बल दिया।

सम्मेलन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं ने विकसित भारत के संकल्प को साकार करने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण में जनसहभागिता की अहम भूमिका पर बल देते हुए किया गया।

## हाथी के हमले में मृत वृद्ध के परिजनों को वन विभाग ने सौंपा 10 लाख का मुआवजा

**नवादा, 15 जून (तरुणमित्र)।** नवादा जिले के कौआकोल प्रखण्ड के मंझिला पंचायत अंतर्गत बिन्दीचक गांव में जंगली हाथी के हमले में जान गंवाने वाले वृद्ध राजाराम पासवान के आश्रित को वन विभाग की ओर से सोमवार को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मृतक की पत्नी रुक्मिणी देवी को विभाग द्वारा सोमवार को घर जाकर 10 लाख रुपये का चेक सौंपा गया। जानकारी देते हुए वन क्षेत्र पदाधिकारी (रेंजर) सौरभ सांडिल्य ने बताया कि बीते 11 मई को बिन्दीचक गांव के फुसबंग्ला टोला निवासी राजाराम पासवान पर जंगली हाथी ने हमला कर दिया था। इस घटना में उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद वन विभाग द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए सरकार की ओर से निर्धारित मुआवजा राशि के रूप में मृतक के आश्रित पत्नी रुक्मिणी देवी को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ अखिलेश कुमार ने कहा कि सरकार वन्यजीवों से प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## मत्स्य बाजार को जल्द चालू कराने की मांग, भाजपा जिला प्रवक्ता ने एमएलसी को सौंपा आवेदन

**किशनगंज, 15 जून (तरुणमित्र)।** ठाकुरगंज रेलवे स्टेशन के समीप निर्मित प्रखंड स्तरीय मत्स्य बाजार के अब तक शुरू नहीं होने पर भाजपा जिला प्रवक्ता कौशल किशोर यादव ने बिहार विधान परिषद सदस्य को आवेदन सौंपकर इसके शीघ्र संचालन की मांग की है। सौंपे गए आवेदन में बताया गया है कि मुख्यमंत्री मत्स्य विपणन योजना के तहत करीब 23.95 लाख रुपये की लागत से मत्स्य बाजार का निर्माण कराया गया था।

बाजार का उद्घाटन 22 सितंबर 2025 को किया गया था, लेकिन कई माह बीत जाने के बावजूद इसका संचालन शुरू नहीं हो सका है। आवेदन में कहा गया है कि दुकान आवंटन की प्रक्रिया लंबित रहने के कारण स्थानीय मछली व्यवसायियों को आज भी पुराने एवं असुविधाजनक स्थानों पर कारोबार करना पड़ रहा है। इससे व्यवसायियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं सरकारी राशि से निर्मित बाजार का उद्देश्य भी पूरा नहीं हो पा रहा है। भाजपा जिला प्रवक्ता कौशल किशोर यादव ने संबंधित विभाग और प्रशासन से आवश्यक कार्रवाई करते हुए दुकान आवंटन प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने तथा मत्स्य बाजार को अविलंब चालू कराने की मांग की है। उनका कहना है कि बाजार के शुरू होने से स्थानीय मछली व्यवसायियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी और कारोबार को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोगों का भी मानना है कि मत्स्य बाजार के संचालन से क्षेत्र में मत्स्य व्यवसाय को नई गति मिलेगी तथा रोजगार और आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी। लोगों ने प्रशासन से जल्द आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर बिहार आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की बैठक

**भागलपुर, 15 जून (तरुणमित्र)।** विभिन्न समस्याओं को लेकर जिले के सुल्तानगंज शाखा के बिहार आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की एक बैठक सोमवार को प्रखंड अध्यक्ष उषा कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में संघ की जिला अध्यक्ष सुभद्रा कुमारी सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाएं और सहायिकाएं शामिल हुईं। इस दौरान कर्मियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और सरकार से शीघ्र समाधान की मांग की। उल्लेखनीय है कि आंगनबाड़ी सेविकाओं को पिछले छह माह से तथा सहायिकाओं को आठ माह से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। इसके कारण कई कर्मियों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। सदस्यों ने कहा कि नियमित मानदेय नहीं मिलने से परिवार चलाना मुश्किल हो गया है और कई कर्मी आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं।

संघ ने सरकार से लंबित भुगतान अविलंब जारी करने की मांग की। आंगनबाड़ी केंद्रों के अधिकांश कार्य अब डिजिटल और ऑनलाइन माध्यम से संचालित किए जा रहे हैं। बैठक में कहा गया कि वर्तमान परिस्थितियों में सभी सेविकाओं को बेहतर गुणवत्ता वाले स्मार्ट मोबाइल उपलब्ध कराए जाने चाहिए ताकि सरकारी योजनाओं और पोर्टल आधारित कार्यों का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके। बैठक में कहा गया कि बीते तीन वर्षों से आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं को ड्रेस उपलब्ध नहीं कराई गई है। संघ ने लंबित ड्रेस वितरण प्रक्रिया को जल्द पूरा करने की मांग करते हुए कहा कि यह कर्मियों के सम्मान और पहचान से जुड़ा विषय है। कई आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत उपकरण उपलब्ध करा दिए गए हैं, लेकिन अब तक बिजली कनेक्शन शुरू नहीं हो सका है।

कर्मियों ने कहा कि बिजली सुविधा के अभाव में बच्चों और लाभुकों को मिलने वाली सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। संघ ने सभी केंद्रों में शीघ्र विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। बैठक के दौरान संगठन को मजबूत बनाने, कर्मियों की समस्याओं के समाधान तथा भविष्य की रणनीति को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### ताराकोल डैम में मिला अज्ञात युवती का शव, नहीं हो सकी पहचान

**नवादा, 15 जून (तरुणमित्र)।** नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र स्थित ताराकोल डैम में सोमवार को बरामद हुई एक अज्ञात युवती के शव की पहचान समाचार प्रेषण तक नहीं हो सकी है। घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चचाओं का माहौल बना हुआ है। इस संबंध में कौआकोल थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त कराने के लिए उसे सुरक्षित रखा गया है, लेकिन अब तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाने के साथ-साथ विभिन्न माध्यमों से शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवती की मौत हत्या के कारण हुई है या आत्महत्या की वजह से। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। शव की पहचान होने के बाद ही घटना से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्यों का खुलासा हो सकेगा।

### गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत जनसंपर्क कर चलाया जा रहा हस्ताक्षर अभियान

**अररिया, 16 जून (तरुणमित्र)।** गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित करने, गौ हत्या पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने के साथ स्पेशल कानून बनाने की मांग को लेकर गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत जनसंपर्क कर हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। भारत के तमाम साधु संतों के आह्वान पर चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान के तहत बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक मनोज सोनी की अध्यक्षता में बैठक के बाद सोमवार को फारबिसगंज के शहरी क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक मनोज सोनी ने कहा दूसरा चरण की हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत पूरे जिला भर में गौ रक्षकों के द्वारा गति दिया जा रहा है। 27 जून को अररिया के जिलाधिकारी को हस्ताक्षर की प्रति के साथ मांग पत्र सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा पहले चरण में मांग पत्र के साथ 21 सौ लोगों की हस्ताक्षर की प्रति अभी अनुमंडल अधिकारी को सौंपा गया था। उन्होंने कहा कि जिला के तमाम सनातनी के घर-घर गौ रक्षक दस्तक देंगे। लोगों से मिलेंगे और गौ माता से संबंधित पत्रांक देते हुए फार्म पर सहमति को लेकर हस्ताक्षर करवाएंगे। श्री सोनी ने जिला के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि गौ माता की रक्षा एवं सुरक्षा के लिए एक कदम आगे की जरूरत है। जब गौ माता की सुरक्षा होगी और कृष्ण कन्हैया की भूमि पर गौ माता की आवाज गूंजेगी।

### अररिया आगमन पर नवनिर्वाचित एमएलसी का जिला नाई संघ ने किया नागरिक अभिनंदन

**अररिया, 15 जून (तरुणमित्र)।** बिहार के नवनिर्वाचित विधान पार्षद अनिल कुमार ठाकुर के एमएलसी बनने के बाद अररिया आगमन पर जिला नाई संघ के बैनर तले सोमवार को एक निजी होटल के सभागार में नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला नाई संघ के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार ठाकुर ने किया। जबकि संचालन सचिव शिव शंकर ठाकुर ने किया। नाई संघ के अलावे मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने नवनिर्वाचित एमएलसी का स्वागत बुके और फूलमालाओं के साथ किया। मौके पर नाई संघ के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार ठाकुर, सचिव शिवशंकर ठाकुर, उपाध्यक्ष मनोज कुमार ठाकुर ने नवनिर्वाचित अनिल कुमार ठाकुर का ध्यान नाई समाज के समक्ष चुनौती और समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया और शैक्षणिक और आर्थिक प्रगति को लेकर सकारात्मक पहल करने की मांग की। मौके पर नवनिर्वाचित विधान पार्षद अनिल कुमार ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि नाई समाज के वाजिब मांगों के साथ है। उन्होंने कहा कि वह भाजपा का एक सामान्य कार्यकर्ता था और भाजपा ने बड़ी जिम्मेवारी और दायित्व सौंपा है, जिसका वे ईमानदारीपूर्वक पालन करेंगे। समाज के आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान को लेकर समाज की मांगों को सदन के साथ सरकार के समक्ष सकारात्मक रूप से रखने का उन्होंने आश्वासन दिया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा, सुष्मिता ठाकुर, विकास कुमार, नवीन यादव, रामानंद सागर, संतोष सुराणा, संतोष मंडल, आकाश राज, गंगा ऋषिदेव, विद्यासागर ठाकुर, गुड्डू ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, दिलीप ठाकुर, दीपक ठाकुर, बिहारी ठाकुर, अशोक ठाकुर, वीणा ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

### जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक, मंत्री ने की योजनाओं की समीक्षा

**भागलपुर, 15 जून (तरुणमित्र)।** भागलपुर के समीक्षा भवन में सोमवार को जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री सह भागलपुर जिले के प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा ने की। इस बैठक में बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर शैलेंद्र भी मौजूद रहे। बैठक में शामिल होने पहुंचे दोनों मंत्रियों का भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने अंग वस्त्र और पौधा देकर स्वागत किया। बैठक में जिले के सभी विधायक, विभागीय पदाधिकारी, नगर निगम के महापौर, उपमहापौर और जिला परिषद अध्यक्ष सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। करीब तीन घंटे तक चली बैठक में भागलपुर जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। मंत्री नीतीश मिश्रा ने अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और जनप्रतिनिधियों से भी क्षेत्र की समस्याओं एवं योजनाओं को लेकर फीडबैक लिया। मंत्री ने कहा कि विकास कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी और आज की बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा के लिए जल्द ही फिर से भागलपुर में बैठक आयोजित की जाएगी।

### खरीफ महोत्सव सह खेती बचाओ अभियान कार्यक्रम का आयोजन

**भागलपुर, 15 जून (तरुणमित्र)।** जिले के सुल्तानगंज प्रखंड के कृषि भवन के सभागार में सोमवार को खरीफ महोत्सव सह खेती बचाओ अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषि पदाधिकारी सत्यम राज, मुख्य अतिथि के रूप में भागलपुर जिले के कृषि वैज्ञानिक शिव शंकर आचार्य, डाक्टर सरोज यादव, प्रखंड सलाहकार समिति के अध्यक्ष अनुरंजन सिंह, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार और भाजपा नेता हर्षनाथ मिश्र मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को पुष्प वृक्ष देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन कृषि समन्वयक अनुप कुमार ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि एवं कृषि पदाधिकारी सत्यम राज ने सभी किसानों को जैविक खेती के बारे में विस्तार से बताते हुए रसायन का कम से कम उपयोग करते हुए खेती करने की बात कही।

# आधुनिक पार्क का किया गया शिलान्यास

**भागलपुर, 15 जून (तरुणमित्र)।** भागलपुर के टीएनबी कॉलेजिएट मैदान परिसर में बनने वाले आधुनिक पार्क का शिलान्यास सोमवार को नगर विकास एवं आवास मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा एवं पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर शैलेंद्र ने संयुक्त रूप से किया। उल्लेखनीय है कि इस पार्क का निर्माण लगभग 2.32 करोड़ रुपये की राशि से कराया जायेगा। निर्माण एजेंसी का चयन पहले ही किया जा चुका है। एजेंसी को 12 माह के अंदर कार्य पूरा करना होगा।



पार्क के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को कई तरह के लाभ मिलेंगे। यह शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक होगा, वहीं पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। पार्क विकसित होने से आसपास की हवा और पानी की गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद है। इसके अलावा सामाजिक गतिविधियों और आपसी मेलजोल को भी बढ़ावा मिलेगा। पार्क तैयार होने के बाद लोगों को टहलने, खेलने और व्यायाम करने के लिए बेहतर एवं पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो सकेगा।

शिलान्यास कार्यक्रम में मेयर डॉ. बसुंधरा लाल, नगर विधायक रोहित पांडेय, डॉ. प्रीति शेखर समेत कई पार्षद, नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। इस मॉडल पार्क में पवेलियन, पाथवे, जॉगिंग ट्रैक, बैठने की व्यवस्था, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, खेल एरिया, लॉन गार्डन, बाउंड्री एनक्लोजर वॉल, ओपन जिम, बच्चों के लिए मिनी पार्क, सैंड पिट, सेंट्रल पार्क, आकर्षक प्रवेश द्वार, इंटरएक्टिव प्लाजा, गार्ड रूम, टिकटिंग काउंटर, बागवानी उपकरणों के लिए स्टोर रूम, पेयजल और शौचालय की सुविधाओं का निर्माण कराया जायेगा। इसके अलावा फूलों की क्यारियों के साथ पार्क के मध्य में विकसित इनबिल्ट प्लांटर इसकी खूबसूरती को और बढ़ायेंगे। पार्क तक पहुंच को सुगम बनाने के लिए पीसीसी एप्रोच रोड का भी निर्माण किया जायेगा।

## बेली ब्रिज से ट्रक गुजरने कआ वीडियो वायरल, 5 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**भागलपुर, 15 जून (तरुणमित्र)।** विक्रमशिला सेतु पर बने बेली ब्रिज के उद्घाटन के बाद शुरुआती दिनों में जाम की गंभीर समस्या देखने को मिली थी। पुल पर वाहनों की लंबी कतारें लग रही थीं और लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा था। हालांकि अब जिला प्रशासन की सक्रियता और बेहतर यातायात प्रबंधन के चलते स्थिति काफी हद तक सामान्य हो गई है। वर्तमान में चारों बेली ब्रिजों से वाहन सुगमता से एक छोर से दूसरे छोर तक आवागमन कर रहे हैं। इसी बीच बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें बेली ब्रिज से एक मिनी ट्रक गुजरता हुआ दिखाई दिया। वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया, क्योंकि प्रशासन की ओर से बेली ब्रिज पर केवल छोटे वाहनों के परिचालन की अनुमति दी गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन ने जांच कराई। जांच में यह पुष्टि हुई कि एक मिनी ट्रक बेली ब्रिज से गुजरा था। हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया कि ट्रक में बालू या गिट्टी जैसी भारी सामग्री नहीं थी।

## विधायक अनंत सिंह और भोजपुरी गायक गुंजन सिंह को अग्रिम जमानत

**पटना, 15 जून (तरुणमित्र)।** मोकामा से जनता दल (यूनाइटेड) के विधायक अनंत सिंह और भोजपुरी गायक गुंजन सिंह को न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। गोपालगंज के एमपी-एमएलए विशेष न्यायालय ने दोनों की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली है। अदालत के इस फैसले के बाद दोनों को मामले में तत्काल गिरफ्तारी से राहत मिल गई है। सोमवार को गोपालगंज स्थित एमपी-एमएलए की विशेष अदालत में मामले की सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अनंत सिंह और गुंजन सिंह की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार कर ली। अदालत के आदेश के साथ ही दोनों को कानूनी तौर पर महत्वपूर्ण राहत प्राप्त हुई है। यह मामला उस समय चर्चा में आया था जब 2 मई को गोपालगंज जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमराव गांव में आयोजित एक समारोह का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में कथित तौर पर कुछ लोगों द्वारा हथियार लहराते हुए दिखाई देने और कार्यक्रम के दौरान अश्लील गीतों के प्रदर्शन का आरोप लगाया गया था। वीडियो के प्रसारित होने के बाद मामले ने राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर भी काफी चर्चा बटोरी थी। वीडियो सामने आने के बाद मीरगंज थाना पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की।

पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर जांच शुरू की और संबंधित लोगों की भूमिका की पड़ताल की। मामले में विधायक अनंत सिंह और भोजपुरी गायक गुंजन सिंह का नाम भी सामने आया, जिसके बाद दोनों ने गिरफ्तारी की आशंका को देखते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अनंत सिंह से जुड़े पहलुओं की जांच बाद में अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) को सौंप दी गई थी। सीआईडी द्वारा मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच की जा रही है और वायरल वीडियो की सत्यता, कार्यक्रम में मौजूद लोगों की भूमिका तथा कथित आरोपों की पड़ताल की जा रही है। अदालत द्वारा अग्रिम जमानत मंजूर किए जाने के बावजूद मामले की जांच जारी रहेगी। जांच एजेंसियां उपलब्ध साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करेंगी।

# वर्षों से जलजमाव झेल रहे ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, सड़क निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन

**अररिया, 15 जून (तरुणमित्र)।** नरपतगंज प्रखंड के भंगही पंचायत के मिल्की डुमरिया वार्ड संख्या आठ के ग्रामीणों ने जल जमाव और बदहाल सड़क निर्माण को लेकर सोमवार को प्रदर्शन किया। वार्ड संख्या आठ स्थित सत्संग भवन के समीप करीब दो सौ मीटर सड़क वर्षों से बदहाल है। सड़क बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गया है, जिसके कारण जल जमाव की समस्या सालों भर बनी रहती है। जिसके कारण आमजनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



सोमवार को बड़ी संख्या में लोगों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया और प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व शिक्षक मिट्ठू कुमार यादव ने किया। उन्होंने कहा कि यह सड़क वर्षों से जर्जर पड़ी है, लेकिन आज तक किसी जनप्रतिनिधि या संबंधित विभाग ने इसकी सुध नहीं ली। सड़क पर बने गहरे गड्ढों में हमेशा पानी भरा रहता है, जिससे लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

कई बार बाइक सवार और राहगीर दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। मिट्ठू कुमार यादव ने बताया कि यह सड़क आसपास के गांव के लोगों के लिए मार्ग है। जलजमाव के कारण कई बार लोगों को पानी हेलकर अपने गंतव्य तक जाना पड़ता है। बारिश के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब सड़क और गड्ढे का अंतर समझना मुश्किल हो जाता है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सड़क निर्माण की मांग की। शिक्षक मिट्ठू कुमार यादव ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तीस दिनों के भीतर सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया तो ग्रामीण चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित विभाग की होगी। उन्होंने कहा कि कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला।

ग्रामीणों ने मांग की कि सड़क का शीघ्र निर्माण कर जल निकासी की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में जलजमाव की समस्या दोबारा उत्पन्न न हो। प्रदर्शन में रौशन कुमार, हीरा देवी, पंकज यादव, प्रेमचंद यादव, मनीष यादव, बब्लू यादव, पंकू यादव, सचिन कुमार शर्मा, राहुल कुमार दास, संतोष यादव, मुकेश यादव सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## खरीफ महाअभियान की सफलता को कृषक प्रशिक्षण सह खेत बचाओ अभियान कार्यशाला

**नवादा, 15 जून (तरुणमित्र)।** नवादा जिले के कौआकोल प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित ई-किसान भवन में सोमवार को शारदीय खरीफ महाअभियान 2026 के अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण सह खेत बचाओ अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा ने किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए कई योजनाएं चला रही है,जिसका लाभ किसानों को उठाना चाहिए। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों ने उपस्थित किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि किसानों के लिए बीज अनुदान, कृषि यंत्र अनुदान, फसल बीमा योजना, सिंचाई सुविधा एवं अन्य कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। किसानों से अपील की गई कि वे इन योजनाओं का लाभ लेकर आधुनिक खेती की ओर आगे बढ़ें। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक रविकांत चौबे ने खरीफ मौसम में की जाने वाली खेती, विशेष रूप से धान की खेती के संबंध में किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बेहतर उत्पादन के लिए उन्नत किस्म के बीज, संतुलित उर्वरक का प्रयोग, समय पर बुवाई तथा खेतों में जल प्रबंधन बेहद जरूरी है। साथ ही उन्होंने खेतों को कीट एवं रोगों से बचाने के उपायों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि समन्वयक बबलू कुमार, अनिल कुमार, शशि भूषण आनंद, मनीष कुमार पांडेय, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी विकास कुमार किसान सलाहकार कृष्णानंदन प्रसाद, सुभाष चौधरी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नई तकनीक से जोड़ना तथा खरीफ फसल के बेहतर उत्पादन के लिए जागरूक करना रहा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
**तरुणमित्र**
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
मंगलवार, 16 जून 2026
विक्रम संवत्- 2083, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, द्वितीया

## अमेरिका-ईरान शांति समझौता

हाल ही में अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते की घोषणा ने विश्व राजनीति को हिलाकर रख दिया है। पाकिस्तान की मध्यस्थता में तैयार यह समझौता, जो जून 2026 में स्विट्ज़रलैंड में औपचारिक रूप से हस्ताक्षरित होने वाला है, न केवल दोनों देशों के बीच चल रहे संघर्ष को समाप्त करने का वादा करता है, बल्कि हार्मुज की खाड़ी को फिर से खोलने, ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर स्थायी रोक और क्षेत्रीय तनाव में कमी का भी प्रावधान करता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे 'ऐतिहासिक' बताया है, जबकि ईरान ने इसे अपनी कूटनीतिक जीत के रूप में पेश किया है। यह समझौता अप्रैल 2026 के अस्थायी युद्धविराम का विस्तार है, जो पाकिस्तान, कतर और अन्य देशों की मध्यस्थता से संभव हुआ। मुख्य बिंदु हैंः दोनों पक्षों द्वारा सभी मोर्चों (लेबनान सहित) पर सैन्य अभियानों का स्थायी समाप्ति, अमेरिका द्वारा नौसैनिक नाकेबंदी हटाना, ईरान द्वारा हार्मुज जलडमरूमध्य खोलना, ईरान का परमाणु हथियार न विकसित करने का वचन और संभावित प्रतिबंधों में ढील। ट्रंप प्रशासन इसे ओबामा युग के संयुक्त व्यापक कार्य योजना से बेहतर 'प्रदर्शन-आधारित' सौदा बता रहा है, जिसमें सत्यापन और चरणबद्ध कार्यान्वयन पर जोर है। ईरान की ओर से मरम्मत या संपत्ति रिहाई जैसे मुद्दे भी चर्चा में रहे। सकारात्मक पहलूः वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए यह राहत है। हार्मुज दुनिया के 20% तेल का मार्ग है। इसके बंद रहने से तेल की कीमतें आसमान छू रही थीं। समझौते की खबर के साथ तेल कीमतें 4% गिरकर 81 डॉलर प्रति बैरल पर आ गईं। मध्य पूर्व में बड़े युद्ध की आशंका कम हुई, जो इजरायल-लेबनान-ईरान त्रिकोण को भी प्रभावित कर सकता था। इस कूटनीति की जीत में ट्रंप की 'ताकत से शांति' नीति और ईरान की लचक दोनों दिखाई देती है। क्षेत्रीय स्थिरता से भारत जैसे आयातक देशों को भी फायदा होगा। चुनौतियां और आलोचनाएं भी कम नही है माना जा रहा है कि समझौता अभी फ्रेमवर्क स्तर का है। इजरायल ने इसे खारिज किया है, खासकर लेबनान से वापसी के प्रावधान पर। ईरान के मिसाइल कार्यक्रम, क्षेत्रीय प्रॉक्सी (हिजबुल्लाह, हूती) और सत्यापन तंत्र पर स्पष्टता की कमी आशंका बरकरार रखती है। क्या ईरान वाकई परमाणु महत्वाकांक्षा छोड़ेगा? अमेरिकी घरेलू राजनीति में भी यह विवादास्पद है- कुछ इसे कमजोरी मान रहे हैं। ईरान के आंतरिक ताकतवर तत्व आईआरजीसी और सुप्रीम लीडरशिप का समर्थन कितना मजबूत रहेगा, यह भविष्य तय करेगा। ऐतिहासिक संदर्भ में देखें तो अमेरिका-ईरान संबंध 1979 की क्रांति से ही तनावपूर्ण रहे। संयुक्त कार्य योजना का पतन, 2025-26 का संघर्ष को ये घटनाएं दिखाती हैं कि विश्वास की कमी गहरी है। यह समझौता अगर सफल हुआ तो न केवल परमाणु प्रसार को रोक सकता है, बल्कि सऊदी-ईरान सामंजस्य और व्यापक क्षेत्रीय शांति की नींव रख सकता है। कुल मिला कर यह समझौता निश्चित रूप से स्वागत योग्य है, लेकिन इसे 'अंत' नहीं, 'शुरूआत' मानना चाहिए। दोनों पक्षों को ईमानदार कार्यान्वयन, पारदर्शिता और विश्वसनीय सत्यापन सुनिश्चित करना होगा। मध्य पूर्व सदियों से संघर्ष का गढ़ रहा है; अगर यह सौदा टिका तो यह 21वीं सदी की सबसे महत्वपूर्ण कूटनीतिक उपलब्धियों में से एक साबित होगा। विश्व समुदाय, खासकर भारत, को इसका समर्थन करना चाहिए ताकि शांति स्थायी बने। आशा है कि हथियारों की जगह बातचीत की जीत हो और तेल की लहरों पर शांति की किरणें चमकें।

### हो गई शांति !



कृष्णेन्द्र राय

हो गई शांति , मान गये अब ट्रंप ।
होगा समझौता,
होगा अब दस्तखत ।।
शांति...शांति, आएगी...
आएगी...आएगी शांति ।
लहराया बाजार है ।
मस्ती क्या छा गई ।।
क्रूड ऑयल में गर्मी थी ।
दर अब नीचे आ गई ।।
बदले हैं ट्रंप आज ऐसे ।
बदले है गिरगिट रंग जैसे ।।
युद्ध ये रूकने का मजा है ।
ट्रंप का उतरा भी नशा है ।।

### सूडोकु नवताल- 7827

★★★✮✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7826 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# शिक्षा में एक नये युग एवं शैक्षिक क्रांति की आहट



ललित गर्ग

**आज पूरी दुनिया शिक्षा के एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहां ज्ञान का विस्तार तो अभूतपूर्व हुआ है, लेकिन जीवन मूल्यों का क्षरण भी उतनी ही तेजी से दिखाई देता है।**

विज्ञान और तकनीक ने मानव जीवन को सुविधासंपन्न बनाया है, लेकिन मानसिक तनाव, हिंसा, प्रतिस्पर्धा, नैतिक संकट और मानवीय संवेदनाओं के क्षय जैसी चुनौतियां भी बढ़ी हैं। शिक्षा के क्षेत्र में यह प्रश्न लगातार गूंज रहा है कि क्या वर्तमान शिक्षा व्यवस्था वास्तव में मनुष्य का निर्माण कर रही है या केवल पेशेवर और उपभोक्तावादी समाज का निर्माण कर रही है? ऐसे समय में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा द्वारा प्रारंभ की गई आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूल की योजना एक नई आशा, नई दृष्टि और नए शैक्षणिक दर्शन के रूप में सामने आई है। यह केवल विद्यालयों की स्थापना की योजना नहीं है, बल्कि शिक्षा को उसके मूल उद्देश्य से जोड़ने का एक महाअभियान है। महासभा ने देशभर में लगभग सौ विद्यालयों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया है।

वर्तमान में राजस्थान के श्रीडूंगरगढ़, गंगाशहर और नोखा तथा गुजरात के भुज में विद्यालयों का निर्माण और शैक्षणिक गतिविधियां तीव्र गति से संचालित हैं। इन विद्यालयों की स्थापना के पीछे केवल आधुनिक शिक्षण संस्थान खड़े करने की भावना नहीं है, बल्कि ऐसी शिक्षा संस्कृति विकसित करने का संकल्प है जो ज्ञान के साथ संस्कार, विज्ञान के साथ विवेक और सफलता के साथ संवेदनशीलता का समन्वय स्थापित कर सके। तेरापंथ धर्मसंघ की शिक्षा-दृष्टि सदैव व्यापक, मानवीय और दूरदर्शी रही है। इस परंपरा में शिक्षा को केवल रोजगार प्राप्ति का माध्यम नहीं माना गया, बल्कि व्यक्ति के समग्र विकास का आधार समझा गया है। तेरापंथ के आचार्यों ने समय-समय पर यह स्पष्ट किया कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य मनुष्य को भीतर से समृद्ध बनाना है। यदि शिक्षा केवल बुद्धि को विकसित करे और हृदय को उपेक्षित छोड़ दे, तो वह अधूरी शिक्षा है। यदि वह ज्ञान तो दे लेकिन चरित्र न बनाए, तो वह समाज के लिए संकट भी उत्पन्न कर सकती है।

आचार्य श्री तुलसी ने इस आवश्यकता को बहुत पहले पहचान लिया था। उन्होंने अणुव्रत आंदोलन के माध्यम से नैतिकता को सामाजिक जीवन के केंद्र में स्थापित करने का प्रयास किया। उनका मानना था कि व्यक्ति, समाज और राष्ट्र का वास्तविक विकास नैतिक आधार पर ही संभव है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में नैतिक मूल्यों को स्थापित करने के लिए नैतिक पाठमाला और नैतिक शिक्षा परीक्षाओं का अभिनव प्रयोग प्रारंभ किया। उस समय यह केवल एक शैक्षणिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि एक सामाजिक परिवर्तन का अभियान था। लाखों विद्यार्थियों ने इन कार्यक्रमों के माध्यम से सत्य, अहिंसा, अनुशासन, संयम, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता जैसे मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा प्राप्त की।

आचार्य महाप्रज्ञ ने इस विचारधारा को और अधिक वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक रूप प्रदान किया। उन्होंने जीवन विज्ञान के रूप में एक ऐसा शैक्षणिक मॉडल प्रस्तुत किया जिसमें शिक्षा को शरीर, मन, भावना और चेतना के विकास से जोड़ा गया। जीवन विज्ञान ने विद्यार्थियों को केवल परीक्षा में सफल होने की तैयारी नहीं दी, बल्कि तनावमुक्त जीवन, भावनात्मक संतुलन, आत्मानुशासन और सकारात्मक सोच की दिशा भी प्रदान की।

आज जब दुनिया मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक शिक्षा पर गंभीरता से विचार कर रही है, तब यह अनुभव होता है कि जीवन विज्ञान जैसी अवधारणाएं अपने समय से बहुत आगे की सोच थीं। आचार्य महाश्रमण ने इस समूची परंपरा को एक नई ऊंचाई प्रदान की है। उनका व्यक्तित्व ज्ञान, साधना, अनुशासन, अहिंसा और मानवीय संवेदनाओं का अद्भुत समन्वय है। उनकी दृष्टि में शिक्षा केवल मस्तिष्क के विकास तक सीमित नहीं रह सकती। उसे मनुष्य के भीतर छिपी नैतिक, आध्यात्मिक और मानवीय संभावनाओं को भी जागृत करना होगा। इसी कारण उनके नाम पर स्थापित आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूल केवल आधुनिक शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थान नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टि देने वाले केंद्र बनने की क्षमता रखते हैं।

आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूल का मूल मंत्र-'ज्ञान, मूल्य और चरित्र' है जो वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता को अभिव्यक्त करता है। आज अधिकांश शैक्षणिक संस्थानों में ज्ञान और कौशल पर तो पर्याप्त ध्यान दिया जाता है, लेकिन मूल्य और चरित्र का पक्ष अपेक्षाकृत कमजोर दिखाई देता है। परिणामस्वरूप समाज में बौद्धिक प्रगति तो होती है, परंतु नैतिक और मानवीय संकट भी बढ़ते जाते हैं। आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूल इस असंतुलन को दूर करने का एक सार्थक एवं प्रभावी प्रयास साबित होगा। यहां शिक्षा का लक्ष्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि ज्ञान को विवेक में और विवेक को चरित्र में रूपांतरित करना है। भारत की नई शिक्षा नीति 2020 भी इसी प्रकार की समग्र शिक्षा की आवश्यकता पर बल देती है। नई शिक्षा नीति में बहुआयामी विकास, जीवन कौशल, भारतीय ज्ञान परंपरा, मूल्य आधारित शिक्षा और समग्र व्यक्तित्व निर्माण को विशेष महत्व दिया गया है। किंतु किसी भी नीति की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसे व्यवहार में उतारने वाले संस्थान कितने सक्षम हैं। आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूल इस दृष्टि से नई शिक्षा नीति के जीवंत और प्रभावी मॉडल बन सकते हैं। यहां आधुनिक पाठ्यक्रम, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तकनीकी दक्षता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की तैयारी के साथ-साथ नैतिकता, आत्मानुशासन, सह-अस्तित्व और आध्यात्मिक चेतना को भी समान महत्व दिया जाता है। जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के अध्यक्ष और प्रख्यात उद्योगपति महेंद्र नाहटा के अनुसार इस परियोजना को महासभा की प्रमुख शैक्षणिक गतिविधि के रूप में विकसित किया है। इन स्कूलों के उद्देश्य एवं उनकी दूरदृष्टि इस योजना को सामान्य विद्यालय परियोजना से कहीं अधिक व्यापक बनाती है। नाहटा का विश्वास है कि आने वाले समय में केवल तकनीकी ज्ञान पर्याप्त नहीं होगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वचालन और डिजिटल तकनीक के युग में मशीनें अनेक कार्य कर सकेंगी, लेकिन करुणा, संवेदनशीलता, नैतिक निर्णय, मानवीय संबंध और आत्मिक संतुलन जैसे गुण केवल मनुष्य ही विकसित कर सकता है। इसलिए शिक्षा को मस्तिष्क के साथ-साथ हृदय और आत्मा को भी शिक्षित करना होगा। महेंद्र नाहटा का यह विचार अत्यंत महत्वपूर्ण है कि ये विद्यालय भारत की नई शिक्षा नीति को आध्यात्मिक दृष्टि से समृद्ध करने का माध्यम बन सकते हैं।

यहां आध्यात्मिकता का अर्थ किसी धार्मिक संकीर्णता से नहीं है, बल्कि आत्म-जागरूकता, नैतिकता, सहिष्णुता, मानवीय एकता और आंतरिक संतुलन से है। यह दृष्टिकोण आज के वैश्विक समाज की भी आवश्यकता है, क्योंकि विश्व के अनेक विकसित देशों में शिक्षा सुधार की चचाओं का केंद्र मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक उत्तरदायित्व और मूल्य आधारित जीवन बनता जा रहा है। आज शिक्षा के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह विद्यार्थियों को सफल तो बना रही है, लेकिन संतुष्ट नहीं; बुद्धिमान तो बना रही है, लेकिन संवेदनशील नहीं; सक्षम तो बना रही है, लेकिन चरित्रवान नहीं। परिणामस्वरूप समाज में तनाव, अवसाद, हिंसा, असहिष्णुता और सामाजिक विघटन जैसी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

ऐसे समय में शिक्षा के ऐसे मॉडल की आवश्यकता है जो मनुष्य को केवल प्रतिस्पर्धा के लिए नहीं, बल्कि जीवन के लिए तैयार करे। जो उसे केवल करियर नहीं, बल्कि जीवन का उद्देश्य भी प्रदान करे। जो उसे केवल कमाना नहीं, बल्कि जीना भी सिखाए। आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं। यहां विज्ञान और अध्यात्म, आधुनिकता और संस्कृति, तकनीक और नैतिकता, प्रतिस्पर्धा और सहयोग, सफलता और संवेदनशीलता के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास किया जायेगा।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# दक्षता का जैविक हस्तांतरण : देश का दुर्भाग्य



डॉ. उदयराज मिश्र

भारत विश्व का इकलौता ऐसा देश है जहाँ भगवान से अधिक भक्तों के, गुरु से अधिक शिष्यों के या तो मंदिर बने हुए मिलते हैं या फिर उनके माहात्म्यों का वर्णन मिलता है। पूरे देश में कहीं भी भगवान श्रीराम के पुत्र लव और कुश के मंदिर नहीं मिलेंगे किंतु रामभक्त हनुमान के मंदिर और उनके गुणों के बखान घर मिलते हैं। जिससे यह सिद्ध होता है कि सांस्कृतिक दक्षता जैविक हस्तांतरण प्रधान न होकर आध्यात्मिक और मानसिक होती है। दुर्भाग्य से आज के परिवेश में आध्यात्मिक और मानसिक श्रेष्ठता हस्तांतरण की जगह जैविक हस्तांतरण को किस तरह प्रायोजित किया जा रहा है, वह कच्चे आमों को पकाने का असफल प्रयत्न करने से अधिक और कुछ नहीं है। अलबत्ता भारत की दिन प्रतिदिन दूषित होती जा रही राजनैतिक व्यवस्था पर एक कलंक अवश्य है। इतिहास साक्षी है कि मनोवैज्ञानिक और जीव वैज्ञानिक सिद्धांत भले ही गुणसूत्रों और आनुवांशिकता के नियमों पर आधारित वंश परम्परा का अनुगमन करते हों किंतु कदाचित कोई पुत्र ही अपने पिता के समान होता है।

उदाहरण स्वरूप भारतीय क्रिकेट के सशक्त हस्ताक्षर सुनील मनोहर गावस्कर का बेटा उनके जैसा नहीं बन पाया, क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर का पुत्र भी क्रिकेट की पिच पर फुस्स ही रहा, सिने स्टार आमिर खान का बेटा और ममता बनर्जी का भतीजा अभिषेक बनर्जी भी दगा पटाखा ही साबित हुआ। इसी तरह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे अखिलेश यादव, बिहार में तेजस्वी और तेज प्रताप यादव, कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी आदि ऐसे उदाहरण हैं, जिन्हें प्रायोजित करने के लाख उपाय किए गए किंतु ये आशानुरूप आगे नहीं बढ़ सके। इसके विपरीत भारतीय धावक मिल्खा सिंह को दौड़ने के लिए जूते नहीं मिले किंतु उन्होंने देश का मान बढ़ाया, पी टी उषा और मैरीकॉम जैसे हजारों उदाहरण ऐसे हैं, जो गुरुओं का उचित मार्गदर्शन प्राप्त कर योग्य शिष्य हो विश्व पटल पर छा गए। मुंबई की सड़कों पर जिस छोटे से बालक सचिन तेंदुलकर ने रमाकांत आर्चेकर को अपना गुरु मानकर क्रिकेट खेलना शुरू किया, वह संसार के आंखों का तारा बना किंतु वही सचिन अपने पुत्र को शिष्य की जगह पुत्र प्रधान बनाकर हजारों प्रयास करके भी क्रिकेट जगत में स्थापित नहीं कर पाए।

इससे यह सिद्ध होता है कि प्रतिभाओं का निखार शिष्य प्रधान होने में है न कि पुत्र प्रधान होने में। यह देश का दुर्भाग्य ही है कि जहां आचार्य कौटिल्य, विदुर और पतंजलि जैसे विद्वानों के महाभाष्य उपलब्ध हैं, वहां के धनाढ्य लोगों और राजनेताओं के बच्चे विलायत में जाकर पब्लिक रिलेशन की पढ़ाई करते हैं। कोई लंदन पढ़ता है, कोई आस्ट्रेलिया तो कोई अमेरिका। कदाचित ये वही देश हैं जहां आध्यात्मिकता को गौण समझा जाता है, जैविक हस्तांतरण को प्रधान माना जाता है। कहना गलत नहीं होगा कि जबसे शिष्य प्रधान भारत में राजनीति का झुकाव पुत्र प्रधान व्यवस्था की ओर बढ़ा है, तबसे भ्रष्टाचार भी बढ़ा है। सत्ता प्राप्ति करना ही अब सबसे बड़ी योग्यता बन चुकी है किंतु यह भी वैसे साबित हो रही है जैसे बच्चे के हाथों में फरी हुई बंदूक थमाई जाय। शिष्य प्रधान भारत आदिकाल से श्रेष्ठता का निर्धारक रहा है। यहां द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा से अधिक द्रोण शिष्य अर्जुन का, परशुराम शिष्य भीष्म, कर्ण और द्रोणाचार्य का जिक्र कदाचित संतानों से अधिक और प्रमुखता पूर्वक होता आया है। यही कारण है कि भारत में जैविक हस्तांतरण को पहले कभी भी महत्त्व नहीं दिया गया। यदि ऐसा होता तो दुष्यंत पुत्र महाराज भरत अपने पुत्रों को छोड़कर भारद्वाज पुत्र मन्यु को हस्तिनापुर का राजा नहीं बनाया जाता। शासक बनने के लिए शिष्य बनना अनिवार्य है। शिष्य बनकर ही हुनर और कलाओं की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। बगैर शिष्य बने सीधे न तो कोई योग्य आचार्य बन सकता है और न ही राजनेता। यह गुरु कोई भी हो सकता है। यह आवश्यक नहीं कि कोई शिक्षक ही गुरु हो, कोई राजनैतिक नीतिज्ञ भी हो सकता है। अर्थात व्यवसाय की प्रकृति के आधार पर तदनुरूप योग्य गुरु होना अनिवार्य है। किंतु वर्तमान में वंशवाद की आंधी में जातिगत होते जा रहे चुनावों में इनका निर्वाचित होना ही देश के पिछड़ने का मुख्य कारण है। इसलिए जबतक चुनावों में दलों की हार नहीं होगी, योग्य व्यक्तियों की जीत नहीं होगी तबतक पुत्र प्रधान होने जा रहे राजनैतिक परिदृश्य में कोई सुधार नहीं होगा।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# आवारा पशुओं की समस्या केवल पशु प्रबंधन का विषय नहीं!



संतराम पाण्डेय

राजस्थान के जालौर जिले के चितलवाना कस्बे में एक बुजुर्ग की सांड के हमले में हुई दर्दनाक मृत्यु का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें सड़क पर जा रहे बुजुर्ग को सांड ने उठाकर पटक दिया जिससे उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना ने एक बार फिर देशभर में बढ़ती आवारा पशुओं की समस्या को केंद्र में ला दिया है। यह घटना केवल एक व्यक्ति की मौत का मामला नहीं है, बल्कि उस गंभीर सामाजिक और प्रशासनिक संकट का प्रतीक है जो आज भारत के अधिकांश राज्यों में दिखाई दे रहा है। सड़कों, बाजारों, हाईवे और आवासीय क्षेत्रों में घूमते आवारा पशु अब केवल यातायात में बाधा नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए प्रत्यक्ष खतरा बन चुके हैं।

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, बिहार, झारखंड और गुजरात सहित लगभग सभी राज्यों में आवारा पशुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। शहरों में सड़कों के बीच बैठे पशु ट्रैफिक जाम का कारण बनते हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में ये किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं।

अनेक बार सांडों और आक्रामक पशुओं के हमलों में लोगों की जान तक चली जाती है। समाचारों में अक्सर ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जहां किसी राहगीर, बुजुर्ग, महिला या बच्चे पर सांड ने हमला कर दिया। इसके अलावा हाईवे पर पशुओं की मौजूदगी के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में हर वर्ष हजारों लोग घायल होते हैं और अनेक लोगों की मृत्यु हो जाती है। सवाल है कि आवारा पशुओं की समस्या क्यों बढ़ रही है? इस समस्या के पीछे कई सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक कारण हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पहले बैलों का उपयोग खेती और परिवहन में होता था। आधुनिक कृषि उपकरणों और ट्रैक्टरों के बढ़ते उपयोग के कारण बैलों की उपयोगिता कम हो गई है। इसी प्रकार दूध देना बंद कर चुकी गायों को पालना भी कई पशुपालकों के लिए आर्थिक रूप से कठिन हो जाता है। परिणामस्वरूप अनेक लोग पशुओं को खुला छोड़ देते हैं। गांवों में पशुओं के चरने के लिए सुरक्षित गोचर भूमि लगातार कम होती जा रही है।

अतिक्रमण और शहरीकरण के कारण पशुओं के प्राकृतिक आवास और चारा उपलब्धता में कमी आई है। इससे पशु भोजन की तलाश में बाजारों और सड़कों की ओर आ जाते हैं। अधिकांश राज्यों में गौशालाओं और पशु आश्रय केंद्रों की संख्या तथा क्षमता पर्याप्त नहीं है। जहां गौशालाएं हैं भी, वहां वित्तीय संसाधनों, चारे और चिकित्सा सुविधाओं का अभाव रहता है। शहरों में खुले कचरा पात्र और सड़कों पर फैला जैविक कचरा पशुओं को आकर्षित करता है। भोजन की तलाश में वे बाजारों और आवासीय क्षेत्रों में स्थायी रूप से रहने लगते हैं।

सांडों के हमले, सड़क दुर्घटनाएं और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पशुओं की मौजूदगी के कारण लोगों की जान खतरे में रहती है। ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा पशु खेतों में घुसकर फसलों को नष्ट कर देते हैं। किसान रात-रात भर खेतों की रखवाली करने को मजबूर होते हैं। इससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है और मानसिक तनाव भी बढ़ता है। शहरों और कस्बों में सड़क पर बैठे पशु यातायात को बाधित करते हैं। कई बार वाहन चालक अचानक पशु को बचाने के प्रयास में दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। पशुओं को पकड़ने, आश्रय देने और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में स्थानीय निकायों को अतिरिक्त संसाधन खर्च करने पड़ते हैं।

सवाल यह भी है कि क्या केवल पशु पकड़ लेना समाधान है ?आमतौर पर किसी बड़ी घटना के बाद प्रशासन कुछ दिनों तक अभियान चलाकर पशुओं को पकड़ता है लेकिन यह केवल अस्थायी उपाय साबित होता है। जब तक समस्या के मूल कारणों को नहीं सुलझाया जाएगा, तब तक आवारा पशुओं की संख्या कम नहीं होगी। स्थायी समाधान के लिए व्यापक और बहुआयामी नीति की आवश्यकता है। सभी गायों, बैलों और अन्य पालतू पशुओं का डिजिटल पंजीकरण किया जाना चाहिए। प्रत्येक पशु के कान में पहचान टैग या माइक्रोचिप लगाई जा सकती है। इससे यह पता लगाया जा सकेगा कि किसी पशु का मालिक कौन है। यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर अपने पशु को सड़क पर छोड़ता है, तो उसके खिलाफ आर्थिक दंड और कानूनी कार्रवाई का प्रावधान होना चाहिए। जब तक जवाबदेही तय नहीं होगी, समस्या बनी रहेगी। सरकार और स्थानीय निकायों को पर्याप्त क्षमता वाली आधुनिक गौशालाएं विकसित करनी चाहिए। इनमें चारा, पानी, पशु चिकित्सा और प्रबंधन की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। गांवों में गोचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कर संरक्षित करना आवश्यक है। इससे पशुओं को प्राकृतिक चराई क्षेत्र उपलब्ध होगा और वे आबादी वाले क्षेत्रों की ओर कम आएंगे।

विशेषज्ञों का मानना है कि अनियंत्रित प्रजनन भी समस्या का एक कारण है। पशु चिकित्सा विभाग के माध्यम से वैज्ञानिक प्रजनन प्रबंधन कार्यक्रम लागू किए जा सकते हैं ताकि भविष्य में आवारा पशुओं की संख्या नियंत्रित रहे। शहरी निकायों को खुले कचरे की समस्या समाप्त करनी होगी। यदि पशुओं को सड़कों पर भोजन नहीं मिलेगा, तो उनका जमावड़ा भी कम होगा। इस दिशा में केवल सरकार के प्रयास पर्याप्त नहीं होंगे। समाज, स्वयंसेवी संस्थाओं, गौशालाओं और पशुपालकों को भी जिम्मेदारी निभानी होगी। जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को पशुओं को सड़क पर छोड़ने के दुष्परिणाम समझाने होंगे। वर्तमान में विभिन्न राज्यों में अलग-अलग योजनाएं संचालित हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर एक समग्र नीति की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसमें पशु पंजीकरण, आश्रय केंद्रों का विकास, वित्तीय सहायता, कानूनी प्रावधान और निगरानी तंत्र को एक साथ जोड़ा जाना चाहिए। पंचायतों, नगर निकायों, पशुपालन विभाग और पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय भी आवश्यक है।

चितलवाना की दुखद घटना ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि आवारा पशुओं की समस्या केवल पशु प्रबंधन का विषय नहीं, बल्कि जनसुरक्षा, कृषि, यातायात और प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। देश के लगभग हर राज्य में लोग इस समस्या से जूझ रहे हैं। पशुओं का पंजीकरण, जिम्मेदार पशुपालन, पर्याप्त गौशालाएं, गोचर भूमि का संरक्षण, कठोर कानूनी प्रावधान और जनसहभागिता–इन सभी उपायों को एक साथ लागू करना होगा। यदि सरकार, प्रशासन और समाज मिलकर गंभीरता से प्रयास करें, तो आवारा पशुओं की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष-** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। आलस्य का त्याग करें।

**वृष-** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे।

**मिथुन-** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। श्रम अधिक करना पड़ सकता है।

**कर्क-** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**सिंह-** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्य सार्थक दिन है, व्यर्थ न गंवाऐ।

**कन्या-** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती है। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा।

**तुला-** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है।

**वृश्चिक-** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। महत्वपूर्ण यात्राओं के संकेत हैं।

**धनु-** कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें।

**मकर-** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कुम्भ-** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**मीन-** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें।

पं0 सुभाष पाण्डेयः हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# न.प के निर्माणाधीन सभागार में सामान्य बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**सुगौली, पू.चः , 15 जून (तरुणमित्र)।** नगर पंचायत के निमार्णाधीन सभागार में सोमवार को सामान्य बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्थानीय विधायक बबलू गुप्ता,मुख्य पार्षद नसरीन अली,उपमुख्य पार्षद सरिता शर्मा सहित सभी वार्ड पार्षद उपस्थित रहे।



बैठक में नगर क्षेत्र के समग्र विकास,आधारभूत संरचनाओं को मजबूत बनाने तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक के दौरान वार्ड संख्या-3 स्थित पाण्डे टोला पोखरा को आधुनिक पार्क के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव प्रमुखता से रखा गया। इसके साथ ही नगर क्षेत्र के अन्य पोखरों के सौंदर्यीकरण तथा गांधी स्मारक को चरखा पार्क के रूप में विकसित करने की योजना पर भी विचार-विमर्श किया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से नगर की सुंदरता बढ़ेगी तथा लोगों को बेहतर सार्वजनिक स्थल उपलब्ध होंगे।

बैठक में नागरिक सुविधाओं के विस्तार को लेकर भी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वंचित वार्डों में हाईमास्ट लाइट लगाने, नगर के सभी विद्युत पोलों पर स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापित करने तथा प्रत्येक वार्ड में दो-दो आदर्श प्याऊ स्थापित करने के प्रस्ताव पर सहमति बनी। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने तथा नगर क्षेत्र के सभी वार्डों में सड़क,नाली एवं अन्य विकास योजनाओं को तेजी से शुरू करने पर भी चर्चा हुई।

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने,स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण के निर्माण तथा सुगौली को एक विकसित एवं आदर्श नगर के रूप में स्थापित करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। नगर पंचायत प्रशासन ने जनहित एवं विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए नगर के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प व्यक्त किया।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत से सनसनी: छह माह के बच्चे की मां ने रास्ते में तोड़ा दम

**सुपौल, 15 जून (तरुणमित्र)।** जिले के जदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत परसागढ़ी दक्षिण पंचायत के वार्ड संख्या-8 में 22 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान मो. नौशाद की पत्नी प्रियंका कुमारी के रूप में हुई है।

वह छह माह के एक मासूम बच्चे की मां थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार प्रियंका ने करीब तीन वर्ष पहले गांव के ही शादीशुदा युवक मो. नौशाद से प्रेम विवाह किया था। ग्रामीणों का कहना है कि चार दिन पहले किसी पारिवारिक विवाद के बाद उसने कथित रूप से जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। हालांकि समय पर इलाज मिलने से उसकी जान बच गई थी।परिजनों के मुताबिक शनिवार से उसकी तबीयत फिर बिगड़ने लगी और उसे खून की उल्टियां होने लगीं।

गंभीर स्थिति में उसे अनुमंडलीय अस्पताल त्रिवेणीगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के दौरान टीबी (क्षय रोग) की आशंका जताते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। रविवार को परिजन उसे इलाज के लिए बाहर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही जदिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

जदिया थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजकिशोर मंडल ने बताया कि फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। प्रथम द्दष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के आवेदन के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच में जुटी हुई है।

# पोखरे से मिली पिता की लाश, पहचान करने पहुंची बेटी की करंट से मौत, एक ही दिन में उजड़ गया परिवार

**सीवान, 15 जून (तरुणमित्र)।** जिले के जामो बाजार थाना क्षेत्र के बरहोगा बढ़ई टोला गांव में रविवार को हुई दर्दनाक घटनाओं की श्रृंखला ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया।दो दिनों से लापता एक अधेड़ व्यक्ति की लाश पोखरे से बरामद हुई, लेकिन त्रासदी यहीं नहीं रुकी। पिता की लाश देखने पहुंची बेटी की भी हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मौत हो गई। कुछ ही पलों में एक परिवार ने पिता और बेटी दोनों को खो दिया। मृतक की पहचान बरहोगा बढ़ई टोला निवासी स्वर्गीय महंथ सिंह के पुत्र राजकिशोर सिंह के रूप में हुई है। वहीं उनकी पुत्री शशि माला की भी इस हादसे में जान चली गई। परिजनों के अनुसार, राजकिशोर सिंह 12 जून की दोपहर खेत की ओर जाने की बात कहकर घर से निकले थे।

उसी दिन आसपास की जमीन की नापी भी होनी थी, लेकिन वे वहां नहीं पहुंचे। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश की गई, मगर उनका कोई सुराग नहीं मिला। रविवार को गांव से करीब एक किलोमीटर दूर स्थित पोखरे में एक शव मिलने की सूचना मिली। बेटे नवल कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और शव की पहचान अपने पिता के रूप में की। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। इसी बीच, पिता की मौत की खबर सुनकर पुत्री शशि माला भी पोखरे के पास पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वह वहां मौजूद हाईटेंशन बिजली के तार की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह द्दश्य देखकर वहां मौजूद लोग सन्न रह गए।एक ओर पिता की लाश और दूसरी ओर बेटी का शव... इस मंजर ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के पुत्र नवल कुमार सिंह ने आरोप लगाया है कि उनके पिता की सुनियोजित साजिश के तहत हत्या की गई है। उनका कहना है कि मामले की गहराई से जांच होनी चाहिए।

## अजय यादव के निधन से शोक की लहर

**मेहसी, पूर्वी चंपारण, 15 जून (तरुणमित्र)।** तिरहुत हाई स्कूल मेहसी के पूर्व प्रधानाध्यापक एवं शिक्षा जगत की सम्मानित हस्ती अजय यादव का शनिवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से मेहसी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे अपने सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और शिक्षा के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते थे। अजय यादव, चिंतावनपुर निवासी अभय यादव के बड़े भाई थे। अपने शिक्षकीय जीवन में उन्होंने अनेक विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके निधन को शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। शोक व्यक्त करते हुए परिवर्तनकारी शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष शाहिद रजा ने कहा कि अजय यादव एक कर्मठ, अनुशासित और छात्रों के प्रिय शिक्षक थे।

# सुपौल में शुरू हुआ पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का कार्य

## 7154 बीपीएल परिवारों के घरों पर लगेंगे मुफ्त सोलर पैनल

**सुपौल, 15 जून (तरुणमित्र)।** जिले में गरीब परिवारों को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सुपौल के 7,154 बीपीएल परिवारों के घरों की छतों पर 1.1 किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएंगे। इस योजना का शुभारंभ रविवार को किया गया, जिसके साथ जिले में चरणबद्ध तरीके से कार्य शुरू होने की प्रक्रिया भी तेज हो गई है।



पटना स्थित विद्युत भवन से आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम के दौरान 1,512 करोड़ रुपये की लागत से 2.5 लाख कुटीर ज्योति श्रेणी के उपभोक्ताओं के घरों पर सोलर संयंत्र लगाने के कार्य का शुभारंभ किया गया। साथ ही ऊर्जा क्षेत्र की 1,278 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण भी हुआ। सुपौल समाहरणालय के लहटन चौधरी सभागार में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, विद्युत विभाग के अभियंताओं और लाभार्थियों ने भाग लिया। योजना के पहले चरण में सुपौल के सभी 11 प्रखंडों की 55 पंचायतों का चयन किया गया है।इन पंचायतों में जीविका दीदियों की मदद से लाभार्थियों का सर्वेक्षण और सहमति पत्र लेने की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है।

अब चयनित परिवारों के घरों पर चरणबद्ध तरीके से सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। 1.1 किलोवाट क्षमता वाला प्रत्येक सोलर संयंत्र प्रतिमाह लगभग 125 यूनिट तक बिजली उत्पादन करने में सक्षम होगा। इससे घरेलू बिजली की जरूरतें पूरी होने के साथ बिजली बिल का बोझ भी कम होगा। योजना के तहत सोलर पैनल की स्थापना का पूरा वित्तीय प्रबंधन केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से किया जाएगा।

# उर्दू-हिंदी के विकास से ही संस्कृति की होगी रक्षा : शमीम

- 208 डिग्री कॉलेजों में उर्दू विभाग स्थापित करने की उठी मांग
- द्वितीय राजभाषा उर्दू को मिले पूरा सम्मान : इश्तियाक

**मेहसी (पूर्वी चंपारण), 15 जून (तरुणमित्र)।** उर्दू हिंदी एकेडमी, नई दिल्ली के चेयरमैन शमीम आलम ने कहा है कि उर्दू और हिंदी के विकास एवं संरक्षण से ही देश की सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित रह सकती है। उन्होंने कहा कि दोनों भाषाएं जुड़वा बहनों की तरह हैं और गंगा-जमुनी तहजीब की सशक्त प्रतीक हैं।



उन्होंने कहा कि उर्दू और हिंदी देश के महान कवियों एवं साहित्यकारों की भाषा रही हैं। यह अमीर खुसरो और कबीर की जबान है, सूफियों और संतों की आवाज है तथा प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की संस्कृति को आगे बढ़ाने वाली भाषा है।

शमीम आलम ने कहा कि किसी भाषा की उपेक्षा करना अपनी सांस्कृतिक जड़ों को कमजोर करना है। उन्होंने बिहार सरकार से उर्दू भाषा के विकास के लिए ठोस कदम उठाने की अपील करते हुए कहा कि भाषाओं के संरक्षण से समाज में अमन, शांति और सद्भाव को मजबूती मिलती है। सामाजिक कार्यकर्ता कामरेड इश्तियाक आलम ने कहा कि बिहार के 208 नवसृजित डिग्री कॉलेजों में जल्द से जल्द उर्दू विभाग की स्थापना की जानी चाहिए तथा अन्य विषयों के साथ उर्दू की पढ़ाई भी शुरू की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि उर्दू और हिंदी एक-दूसरे की पूरक भाषाएं हैं। यदि उर्दू कमजोर होगी तो हिंदी भी प्रभावित होगी। उन्होंने उर्दू को इंकलाब और सामाजिक चेतना की भाषा बताते हुए इसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता फरोग आलम जामी ने कहा कि बिहार में उर्दू को द्वितीय राजभाषा का दर्जा प्राप्त है, लेकिन प्रस्तावित डिग्री कॉलेजों में उर्दू के पद सृजित नहीं किए जाने से उर्दू भाषी समाज में निराशा व्याप्त है।

उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि 208 नवसृजित डिग्री कॉलेजों में उर्दू विभाग एवं शिक्षकों के पदों का शीघ्र सृजन किया जाए ताकि उर्दू भाषा के विकास को नई दिशा मिल सके। कार्यक्रम में वक्ताओं ने एक स्वर में उर्दू और हिंदी के संरक्षण को देश की साझा सांस्कृतिक विरासत की मजबूती के लिए आवश्यक बताते हुए सरकार से भाषा विकास के प्रति संवेदनशील पहल करने की मांग की।

# जैविक खेती अपनाने से उत्पादन की गुणवत्ता बेहतर होती है : बृजेश

**तुरकौलिया पू.च., 15 जून (तरुणमित्र)।** शारदीय खरीफ महाअभियान 2026 के अंतर्गत तुरकौलिया प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित किसान भवन के सभागार में प्रखंड स्तरीय खरीफ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख विभा यादव, उप प्रमुख अशोक यादव एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी हिमांशु कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यशाला के दौरान किसानों को खरीफ फसलों की बेहतर उपज और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कृषि समन्वयक बृजेश कुमार ने किसानों को जैविक विधि से खेती करने के लाभों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जैविक खेती अपनाने से उत्पादन की गुणवत्ता बेहतर होती है तथा मिट्टी की उर्वरता भी लंबे समय तक बनी रहती है।

कार्यक्रम में किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं एवं खेती से संबंधित आवश्यक सुझाव भी दिए गए। इस मौके पर कृषि समन्वयक बृजेश कुमार, रघुवंश सिंह, कुमार गौरव, धनंजय कुमार सिंह, किसान सलाहकार अजय कुमार, युगलकिशोर, जितेंद्र सिंह, अपूर्व मिश्रा, राजेश कुमार वर्मा, एटीएम (सहायक तकनीकी प्रबंधक) राजेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पशु चिकित्सा शिविर आयोजित, 265 पशुओं का हुआ नि:शुल्क उपचार



**तुरकौलिया पू.च., 15 जून (तरुणमित्र)।** जिला पशुपालन पदाधिकारी पूर्वी चंपारण के निर्देशानुसार तुरकौलिया प्रखंड अंतर्गत बिजूलपुर पंचायत के जगपुर गांव में एम्बुलेटरी वैन के माध्यम से पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीण पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर का संचालन भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विजय समीर एवं डॉ. रूपेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान परिचारी गुलशन कुमार एवं रिजवी राज मोहम्मद भी उपस्थित रहे। शिविर में कुल 44 पशुपालकों के 93 बड़े एवं 172 छोटे पशुओं, यानी कुल 265 पशुओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही पशुओं को आवश्यक दवाओं का वितरण, चिकित्सीय परामर्श तथा मौसमी बीमारियों से बचाव को लेकर आवश्यक जानकारी दी गई।पशु चिकित्सकों ने पशुपालकों से पशुओं के खान-पान, साफ-सफाई एवं समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की, ताकि पशुधन को मौसमी संक्रमण और अन्य बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सके।

# बकरी चराने खेत गई बच्ची की बालू खनन से बने गहरे गड्ढे में डूबने से मौत

**सुपौल, 15 जून (तरुणमित्र)।** जिले के पिपरा थाना क्षेत्र के ठाढ़ी भवानीपुर वार्ड 5 में रविवार को गहरे गड्ढे में डूबने से एक 8 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई है।

मृतक की पहचान शंकर पासवान की 8 वर्षीय पुत्री रूपम कुमारी के रूप में हुई है। बताया गया कि रूपम कुमारी अपने घर से बकरी चराने खेत गई थी, इसी दौरान खेत में बालू खनन से बने गहरे गड्ढे में वो फिसल गई। बालू खनन के कारण करीब 15 फिट गहरा गड्ढा में पानी लबालब भरा हुआ था जिससे रूपम की डूबकर मौत हो गई।घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। इधर घटना की सूचना पिपरा पुलिस को दी गई मौके पर पहुंच पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज घटना की जांच शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों ने बताया कि घटना स्थल पर लगातार कई दिनों से अबैध तरीके से उजला बालू खनन किया जा रहा जिससे काफी गहरा गड्ढा हो गया है करीब पंद्रह फिट पानी भरा रहता है जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और अनहोनी होने की संभावना बना रहता है।

लोगों ने प्रसाशन से इस तरह की घटना न हो इसको लेकर समुचित कार्रवाई की मांग की है।

# प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन

**मोतिहारी, 15 जून (तरुणमित्र)।** शारदीय (खरीफ) महाभियान 2026 अन्तर्गत दिनांक-13 जून 2026 तक प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। दिनांक-30 जून 2026 तक पंचायत स्तरीय कृषि जन कल्याण चौपाल - सह-खेत बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। दिनांक 14.06.2026 को मुख्यमंत्री, बिहार के द्वारा एल०ई०डी० युक्त किसान जागरूकता वाहन को हरी झण्डी दिखाकर पटना से सभी जिला के लिए रवाना कराया गया है।



सोमवार को समाहरणालय परिसर से अपर समाहर्त्ता मुकेश कुमार सिंहा एवं उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से एल०ई०डी० युक्त किसान जागरूकता वाहन को हरी झण्डी दिखाकर पूर्वी चम्पारण जिला के सभी प्रखंडों के लिए रवाना किया गया है।

प्रत्येक प्रखंड में तीन-तीन स्थलों पर उक्त प्रचार वाहन के माध्यम से कृषि आधारित लघु फिल्मों के माध्यम से योजनाओं एवं कृषि तकनीको का प्रचार-प्रसार किया जाना है।

उक्त कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक आत्मा, पूर्वी चम्पारण मनीष कुमार , वरीय उप समाहर्ता अमरेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश सहित अन्य पदाधिकारी एवं कृषि विभाग के कर्मी द्वारा भाग लिया गया।

# भूमिहीनों को पांच डिसमिल जमीन देने का वादा पूरा करे सरकार - रवीन्द्र




**सुगौली, 15 जून (तरुणमित्र)।** भाकपा (माले) रेड फ्लैग के सुगौली अंचल कमिटी की ओर से अंचल कार्यालय के समक्ष 13 सूत्री मांगों के समर्थन मे सैकड़ो कार्यकत्ताओं द्वारा साथी बैद्यनाथ सहनी की अध्यक्षता में एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना का संचालन संजय यादव ने किया। धरना को संबोधित करते हुये भाकपा (माले) रेड फ्लैग के राज्य सचिव कॉमरेड रवीन्द्र कुमार 'रवि' ने कहा की केन्द्र की नरेन्द्र मोदी, अमित शाह की सरकार विगत 12 वर्षों में गरीबों को और नीचा गिराने और पूरे देश को हिन्दू-मुस्लिम के भाईचारे को खत्म करने का काम किया है।

आगे उन्होनें कहा कि मोदी ने अच्छे दिन लाने के नाम पर छात्र युवाओं के भविष्य को और अंधेरे में धकेल दिया है तथा पूरे देश के गरीबों को ठेंगा दिखाते हुये अडानी,अंबानी के हाथों देश के राष्ट्रीय सम्पति को बेचने का काम किया है। कामरेड भाग्यनरायण चौधरी ने कहा की मोदी, शाह द्वारा सभी सरकारी तंत्रों के बलबुते मनुवादी सोच के तहत संविधान को अपने बुट तले रौंधते हुयें लोकतंत्र का गला घोटा है। आगे उन्होने कहा कि सूबे के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा बिहार में बुल्डोजर का धौंस दिखाकर दशकों से बसे हुये गरीबों की झुग्गी झोपड़ी को उजाड़ कर बड़े-बड़े कॉर्पोरेट घरानों को एक रुपये की लीज पर देने के लिए उतारु है। संजय यादव ने कहा कि पटना जाने के लिए चम्पारण के बगहा और मोतिहारी से मात्र एक-एक ट्रेन है। यात्रियों की परेशानी से निजात दिलाने के लिए 10 ट्रेनों को और चलाने की मांग की। जिला सचिव भोला साह ने कहा कि दशकों से बसे हुये बाढ़ कटाव के कारण हजारों बेघर लोग बाँध और सरकारी जमीन पर झुग्गी-झोपड़ी बनाकर रह रहे गरीबों को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा उनके आशियाने को बुल्डोजर से तोड़ा जा रहा है। सभा को चंदा देवी,राघव प्रसाद,सलमा खातून, भिखम राम, अवधेश राम, जितेन्द्र सहनी, दिलशाद मियां, सलमा खातून आदि नेताओं ने भी संबोधित कियें। बाद में भोला साह के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल भाग्यनरायण चौधरी, सलमा खातून, अनिता देवी, प्रभा देवी द्वारा मुख्यमंत्री के नाम से अपनी 11 सूत्री मांगों का एक ज्ञापन अंचलाधिकारी को सौपा गया।

# सांसद ने कोबेयां में जय एचपी पेट्रोल पंप का किया उद्घाटन

**हरसिद्धि, 15 जून (तरुणमित्र)।** मोतिहारी के सांसद राधा मोहन सिंह एवं भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने सोमवार को कोबेया ग्राम में जय एचपी फ्यूल स्टेशन का फीता काटकर उद्घाटन किया। इलाके में चार किलोमीटर तक पेट्रोल पंप न होने से जनजीवन प्रभावित था – अब किसानों, वाहन चालकों और यात्रियों को ईंधन के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी।



उद्घाटन के अवसर पर सांसद राधा मोहन सिंह ने कहा कि क्षेत्रीय समस्याओं में से ईंधन की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती थी। हहरसिद्धि से छपवा मार्ग के बीच लंबे समय तक यहां पेट्रोल पंप की कमी रही। जय प्रकाश पटेल द्वारा यह फ्यूल स्टेशन खुलने से ग्रामीणों को खास तौर पर खेती में इस्तेमाल होने वाले डीजल और पेट्रोल की सुविधा स्थानीय स्तर पर मिल जाएगी,ह्व उन्होंने बताया।सांसद ने यह भी कहा कि आधुनिक खेती और मशीनरी के बढ़ते इस्तेमाल के कारण ईंधन की आवश्यकता बढ़ी है, इसलिए इस पंप का विशेष लाभ किसानों को होगा। उन्होंने बताया कि सरकार उन क्षेत्रों में पेट्रोल पंप की स्थापना को प्राथमिकता दे रही है, जहां सुविधा का अभाव है।

पेट्रोल पंप के मालिक जयप्रकाश पटेल ने कहा कि ग्राहकों को बेहतर सेवा और सुविधाएँ प्रदान करने का पूरा ध्यान रखा जाएगा। जदयू नेता मदन पटेल ने उद्घाटन को समाज सेवा का एक कदम बताया। सामाजिक कार्यकर्ता कपिल पटेल ने बताया कि बिशनगढ़ में ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है और आगे आवश्यकतानुसार अन्य सुविधाएँ भी जोड़ी जाएंगी।कार्यक्रम में राजद के पूर्व विधान सभा प्रत्याशी नागेंद्र राम, हरसिद्धि विधायक पुत्र कुंदन पासवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष निकेश सिंह, प्रदेश नेता दीपक शर्मा, मारकंडेय कुशवाहा, विजय कुमार कुशवाहा,सुरेंद्र यादव सहित कई राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक व सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय साप्ताहिक सोमवारीय समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

**सुपौल, 15 जून (तरुणमित्र)।** सावन कुमार, भा0प्र0से0, जिलाधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता में समाहरणालय, सुपौल स्थित लहटन चौधरी सभागार में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों में साथ जिला स्तरीय साप्ताहिक सोमवारीय समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में न्यायालय वाद संबंधी, दाखिल-खारिज, जिला जनता दरबार, जन संवाद एवं विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गयी। साथ ही सहयोग पोर्टल पर ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की भी समीक्षा की गयी, जिसमें सभी पदाधिकारियों को ससमय आवेदनों का निष्पादन करने का निदेश दिया गया। उक्त बैठक सारा अशरफ, भा0प्र0से0, उप विकास आयुक्त, सुपौल, तारीक, अपर समाहर्त्ता, आपदा प्रबंधन, सुपौल, सच्चिदानंद सुमन, अपर समाहर्ता, सुपौल, गयानंद यादव, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सुपौल, विकास कुमार, अपर समाहर्त्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सुपौल, सतीश कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, सुपौल, पुष्पा कुमारी, वरीय उप समाहर्त्ता, सुपौल अमित कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, सुपौल एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे। जिला के इतर के पदाधिकारीगण विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिए।

# देश में बढ़ती महंगाई,पेपर लिंक मांगो को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना




**सासाराम, 15 जून (तरुणमित्र)।** देश में बढ़ते महंगाई बेरोजगारी पेपर लीक खाद की किल्लत को लेकर रोहतास जिला कांग्रेस कमेटी का आज सासाराम जिला मुख्यालय के समक्ष एक विशाल धरना का आयोजन किया धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता कर रहे रोहतास जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष श्री जयप्रकाश पांडे ने कहा कि देश की युवा बेरोजगारी से त्रस्त है देश के छात्र पेपर लीक और वैकेंसी ना आने से परेशान है किसान खाद की किल्लत से जूझ रहे हैं महंगाई से देश के मध्यम वर्ग और गरीब परेशान है आज गरीबों के थाली में भोजन नहीं है और सरकार 12 साल की झूठी उपलब्धियां बताने में व्यस्त है।

आज पेपर लीक से लाखों युवाओं का भविष्य अंधकार में है सरकार पूंजी पति लोगों का मदद कर रही है सरकार गरीब लोगों का पैसा उनके जेब से निकाल कर अपने अमीर उद्योगपति मित्रों की मदद कर रही है लेकिन कांग्रेस पार्टी देश के गरीब किसान मजदूर की लड़ाई हमेशा लड़ती है और इस लड़ाई को आगे भी धार देने के लिए आज हम लोग धरना प्रदर्शन पर बैठे हुए हैं और आगे भी ऐसे संघर्ष देश के गरीब आम जनमानस के लिए कांग्रेस पार्टी करती रहेगी आज सरकार हर मोर्चे पर विफल है अमेरिका के सामने मोदी सरकार कंप्रोमाइज है देश में गैस और तेल के बढ़ते दाम के चलते किसान परेशान है सरकार को तत्काल देश के आम जनमानस गरीब जनता के हित में गैस तेल के मूल्यों को कम करना चाहिए सरकार तेल गैस के दामों में अगर कमी नहीं करती है तो हम लोग आगे भी संघर्ष करेंगे।

इस धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से उपस्थित रहे मंगल राम यमुना शुक्ला पतंजलि मिश्रा मनीष चौबे तौफीक अहमद मकरानी रिंकू देवी शमीम अंसारी जोखन बिंद द्वारकाधीश दुबे उर्फ लल्लू दुबे अजय चौबे मोहम्मद हसन खान धनंजय पांडे मोहम्मद नसरुद्दीन मनोज सिंह जौहर बक्शी अली राजा राम पासवान रघुनाथ यादव डॉक्टर शैलेश सागर मुन्ना पासवान नवल किशोर हीराराम मानस रंजन रामनारायण राम कन्हैया उपाध्याय धनंजय मेहता धनंजय सिंह जावेद अख्तर तेजपती राम राजेश पांडे गोपाल तिवारी सुरेंद्र दुबे पीयूष भारद्वाज वीपी सिंह राधा प्रसाद सिंह राजेंद्र प्रभाकर गोपाल प्रसाद इंद्रजीत कुशवाहा मुनी बाबा ,वैद्यनाथ चौबे सहित सैकड़ो कार्यकर्ता इस धरना प्रदर्शन में शामिल हुए।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर तीन ट्रक आपस में टकराए अलग-अलग हादसों में दो की मौत, एक घायल

**सासाराम, 15 जून (तरुणमित्र)।** रोहतास जिले में सोमवार को अलग-अलग जगहों पर हुए सड़क दुर्घटना में एक ट्रक चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई। इन हादसों में एक सहचालक भी गंभीर रूप से घायल है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद संबंधित थाने की पुलिस ने दोनों शव का पोस्टमार्टम करा कर घटना की जांच शुरू कर दी है।पहली घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 19 की है, जहां दो ट्रैकों की आमने-सामने भिड़ंत के बाद पीछे से आ रहा एक ट्रक भी दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस भीषण सड़क हादसे में एक ट्रक चालक एवं सहचालक ट्रक की केबिन के अंदर बुरी तरह फंस गये, जिन्हें क्रेन की मदद से बाहर निकाल कर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन चिकित्सकों में ट्रक चालक को मृत घोषित कर दिया। हालांकि घायल सहचालक खतरे से बाहर है और प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया है। घटना शिवसागर थाना क्षेत्र के शिवम पेट्रोल पंप के समीप की बताई जाती है और मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के चंदौली जिला अंतर्गत दिघवट गांव निवासी भगवान दास यादव के 25 वर्षीय पुत्र मौसम यादव के रूप में हुई है।वहीं दूसरी घटना जिले के आयरकोठा थाना क्षेत्र अंतर्गत डेहरी विक्रमगंज पथ पर हुई।

यहां घर से निकल कर पैदल दुकान जा रहे एक अधेड़ व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया, जिससे घटनास्थल पर हीं उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयर कोठा गांव निवासी लल्लू साह उर्फ ओम प्रकाश साह के लगभग 50 वर्षीय पुत्र जयशंकर शाह किराना व्यवसायी थे। जिनकी मौत पर आसपास के इलाकों में शोक है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया तथा अग्रतर कार्रवाई चल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### फरारी का खेल खत्म : पुराने कांड का नामजद अभियुक्त गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**बिक्रमगंज / रोहतास , 15 जून (तरुणमित्र)।** सूर्यपुरा थाना की पुलिस ने फरार अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए पुराने शराब कांड मामले के एक नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया । गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान वर्तमान पता बलिहार दलित बस्ती व स्थाई पता बिक्रमगंज थाना के धनगाई निवासी राजा सिंह,पिता सूर्यदेव सिंह के रूप में हुई है ।थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत ने बताया कि थाना में दर्ज कांड संख्या 145/25 के प्राथमिकी अभियुक्त राजा सिंह की तलाश लंबे समय से की जा रही थी । गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया । गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया एवं पूछताछ पूरी कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है । वह पूर्व में शराब तस्करी से जुड़े एक मामले में जेल की हवा खा चुका है । इसके बावजूद उसके खिलाफ दर्ज मामले में कार्रवाई जारी थी और आखिरकार वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया । थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है । किसी भी मामले में फरार चल रहे अभियुक्तों को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है,ताकि कानून का राज कायम रहे और आम लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हो ।

### 18 जून तक लगेगा प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर

**काराकाट/रोहतास, 15 जून (तरुणमित्र)।** राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से काराकाट प्रखंड मुख्यालय में 16, 17 एवं 18 जून को प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह द्वारा आदेश जारी कर सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि शिविर में स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, कृषि, शिक्षा, आवास, जीविका, श्रम, आपूर्ति, पंचायत राज, राजस्व, पीएचईडी, आंगनबाड़ी एवं आधार सेवा केंद्र सहित विभिन्न विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाए जाएंगे। यहां आम नागरिकों से आवेदन प्राप्त कर योजनाओं से संबंधित समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। शिविर में आयुष्मान भारत कार्ड, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पीएम सूर्य घर योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, लखपति दीदी, पीएम स्वनिधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान ई-केवाईसी, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, ग्राम परिवहन योजना, दिव्यांग कल्याण योजनाएं, श्रमिक पंजीकरण, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु निबंधन, आधार कार्ड सुधार एवं नल-जल योजना समेत अनेक सेवाओं का लाभ लोगों को उपलब्ध कराया जाएगा। प्रखंड प्रशासन ने सभी पात्र लाभार्थियों एवं आम नागरिकों से निर्धारित तिथियों पर शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है। शिविर के सफल संचालन के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को सुबह 9 बजे से अपने-अपने स्टॉल पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है।

### आपराधिक गतिविधियों ने बढ़ाई ग्रामीणों की चिंता, एटीएम लूट से लोगो मे भय

**कोचस (रोहतास), 15 जून (तरुणमित्र)।** कोचस नगर पंचायत समेत ग्रामीण इलाकों में बढ़ रहे आपराधिक घटनाओं जैसे मामले से लोगों में दहशत व्याप्त हो गया है ।ताजा तरीन मामला रविवार की रात्रि एक्सिस बैंक के लूट का है ।जब बैखौफ नकाबपोश अपराधियों ने बस पड़ाव स्थित नोटों से भरा एटीएम को कटर से काटकर लेकर चलते बने। वहां मौजूद सीसीटीवी कैमरे को अपराधियों ने पेंट से पोतकर तोड़ फोड़ कर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया। हालांकि बगल में एक बैंक आफ इंडिया के बाहर लगा एटीएम अपराधियों को कृत्य को कितना कैच कर पाया है। पुलिस उस सीसीटीवी कैमरे के फूटेज को खंगालकर अपराधियों के तहत तक जाने का प्रयास कर रही है। जबकि पुलिस प्रशासन का दावा है कि शीघ्र ही इस मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा। लेकिन सवाल पैदा होता है कि ऐसी परिस्थितियां कैसे उत्पन्न होती है। निश्चित रूप से इसके लिए कहीं न कहीं पुलिस प्रशासन दोषी है ।नहीं तो शहर में ऐसी घटनाएं घटित नहीं होती। पुलिस अपनी अधिक समय अपराध रोकथाम पर नहीं बल्कि वसूली में ज्यादा रूचि दिखाती है। जिससे यदा कदा अपराधी इसी का फायदा उठाकर घटनाक्रम को अंजाम देकर चलते बनते हैं। जिसका नतीजा होता है कि पुलिस को आपराधिक घटनाओं को घटित होने के बाद भी कुछ खास सफलता नहीं मिल पाती है ।अब देखना यह है कि इस मामले में पुलिस उद्भेदन करने में कितना सफल होती है व बढ़ रहे अपराधिक ग्राफ को कैसे कम कर पाती है।

### जीएनएसयू में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**सासाराम, 15 जून (तरुणमित्र)।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण नर्सिंग कॉलेज और नारायण स्किल डेवलपमेंट सेंटर में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस बहुत उत्साह और सक्रिय भागीदारी के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम ऑब्सटेट्रिक्स और गायनेकोलॉजी नर्सिंग विभाग द्वारा आयोजित किया गया ।इसका आयोजन नारायण नर्सिंग कॉलेज की डीन-सह-प्राचार्या प्रो. डॉ. के. लता के सम्मानित मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में उप-प्राचार्या प्रो. डॉ. श्वेता शर्मा भी उपस्थित रहीं ।गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के नर्सिंग संकाय के अंतर्गत नारायण नर्सिंग कॉलेज के ऑब्सटेट्रिक्स और गायनेकोलॉजी नर्सिंग विभाग ने 13 जून 2026 को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस 2026 पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम नारायण स्किल डेवलपमेंट सेंटर और नारायण नर्सिंग कॉलेज, जमुहार के व्याख्यान कक्ष तीन में आयोजित किया गया ।कार्यक्रम की शुरूआत बी एस सी नर्सिंग छठे सेमेस्टर के छात्रों द्वारा प्रस्तुत कठपुतली शो से हुई, जिसमें मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूकता और आम गलतफहमियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। औपचारिक सत्र की शुरूआत सुश्री अंजू सिंह के स्वागत भाषण से हुई जिसके बाद डीन-सह-प्राचार्या प्रो. डॉ. के. लता ने कार्यक्रम की थीम का अनावरण किया।

# मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए डीएम ने हेलीपैड का किया निरीक्षण




**सासाराम, 15 जून (तरुणमित्र)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आगामी मंगलवार को होने वाले कैमूर और रोहतास जिलों के दौरे को लेकर प्रशासनिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री के इस महत्वपूर्ण दौरे के मद्देनजर सोमवार को रोहतास की जिलाधिकारी उदिता सिंह ने शिवसागर प्रखंड अंतर्गत बड्डी गांव का दौरा किया। उन्होंने वहां सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए नवनिर्मित हेलीपैड का गहन निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कैमूर का कार्यक्रम संपन्न करने के बाद पटना लौटने के क्रम में मुख्यमंत्री का काफिला रोहतास जिले के बड्डी गांव पहुंचेगा। मुख्यमंत्री यहां भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज आकाशदीप के पैतृक गांव जाएंगे। इस मुलाकात के दौरान वे आकाशदीप को उनकी आगामी शादी के लिए अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं देंगे। मुख्यमंत्री के इस वीवीआईपी मूवमेंट को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है।

### 22 जून से परमानपुर में होगा श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ

**बिक्रमगंज, 15 जून (तरुणमित्र)।**भारत के महान मनीषी संत श्री त्रिदंडी स्वामी के शिष्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के तत्वावधान में 22 जून से 27 जून तक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन परमानपुर में होना सुनिश्चित है। 22 जून को महायज्ञ की जल यात्रा एवं 27 जून को यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। यज्ञशाला एवं प्रवचन पंडाल इत्यादि की तैयारी शुरू की जा चुकी है। 22 जून से ही अनेक धार्मिक अनुष्ठान भी शुरू होंगे, जिसमें भारत के अलग-अलग क्षेत्रों से आए संत-महात्माओं के द्वारा दिव्य श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कराया जाएगा ।पिछले कई महीनों से चल रहे श्री त्रिदंडी स्वामी जी के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य भी जारी है।

### जमीन विवाद में जालसाजी के आरोप दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज

**दिनारा, 15 जून (तरुणमित्र)।** नटवार थाना क्षेत्र के जमोढ़ी गांव में जमीन से जुड़े कथित जालसाजी और धोखाधड़ी के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस संबंध में एक ही दिन दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैं, जिनमें जमीन को लेकर फजीर्वाड़ा, कूटरचना और अवैध तरीके से कब्जा करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं ।पहले मामले में 90 वर्षीय कृष्ण बिहारी प्रसाद सिन्हा की पुत्री सुनीता श्रीवास्तव ने नटवार थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया है कि उनके वृद्ध पिता एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ भाई की स्थिति का लाभ उठाते हुए आरोपी ओमप्रकाश सिंह ने कथित रूप से फर्जी हस्ताक्षर कर जमीन को बंधक बनाने का कार्य किया। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है ।वहीं, दूसरे मामले में जमोढ़ी निवासी राजन कुमार ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए ओमप्रकाश सिंह एवं उनके भाई पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन हड़पने तथा धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है।

## मशहूर शायर जफर रिजवी काकवी की स्मृति में हुआ सेमिनार व कविता पाठ का आयोजन

**सासाराम, 15 जून (तरुणमित्र)।** बिहार का पुराना ज़िल गया और वर्तमान जहानाबाद जिला काको इलाके में जन्मे रोहतास ज़िला सासाराम ऐतिहासिक शहर में आधी सदी तक मौजूद सीमाब स्कूल के प्रोडक्ट साहित्यिक संस्था इदारा ए फि क्र ओ नजर के संस्थापक जिसके वे ज़िंदगी भर अध्यक्ष रहे, रजिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के बड़े पद पर रहते हुए उन्होंने कई किताबें भी लिखीं। भले ही वे अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनकी कोशिशें और कामयाबियां आज भी लोगों के लिए रोशनी की किरण हैं। सासाराम में होने वाले कई ऑल इंडिया मुशायरे खासकर उनके और उनके सपोर्टर्स इस बात के सबूत हैं कि 1977 से लेकर अब तक जब भी मुशायरे हुए हैं, भारत का कौन सा शायर सासाराम नहीं आया, यह शान सासाराम की है और वह ऑर्गनाइज्ड तरीका जफर रिजवी काकवी के खास अच्छे व्यवहार और नैतिक चरित्र की वजह से बेमिसाल रहा है, यह अलग बात है कि इस टकराव के दौर में लोग भटक भी जाते हैं, लेकिन लोग अपनी साहित्यिक और धार्मिक किस्मत को बेहतर बनाने के लिए जाने-अनजाने में जफर रिजवी काकवी को जरूर याद करते हैं। इसलिए उनकी याद में और उनके उदाहरण और सम्मान के लिए दिनांक 14 जून की सुबह फज्र की नमाज से सुबह 9 बजे तक कुरान पाठ, सुबह 9 बजे से 10 बजे तक ईद मिलादुन्नबी और सुबह 10 बजे से एक भव्य सेमिनार और कविता पाठ का आयोजन जफरयाब अदब इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लिटरेचर के तत्वावधान में किया गया, जिसकी अध्यक्षता खानकाह करीमिया अशरफिया, दरविशा बैथु शरीफ, गया बिहार के सज्जादा नशीन और उस्ताद शूरा हजरत सैयद शाह गुफरान अशरफी ने की एवं संचालन कर्तव्यों का निर्वहन प्रसिद्ध संचालक आफताब राणा औरंगाबाद और खालिक परदेसी काबरी ने संयुक्त रूप से किया। संगोष्ठी एवं काव्य पाठ में मुख्य अतिथि के तौर पर एसएसपी जैन कॉलेज सासाराम के पूर्व प्राचार्य डॉ गुरु चरण सिंह शामिल हुए, जिसमें सासाराम के प्रसिद्ध कवियों के साथ-साथ बिहार, झारखंड एवं अन्य राज्यों से भी प्रसिद्ध कवि कार्यक्रम में शामिल हुए।

## 18 जून से होगी रोहतास में बालिका हैंडवाल प्रतियोगिता

**सासाराम, 15 जून (तरुणमित्र)।** बिहार हैंडबाल संघ के तत्वावधान में रोहतास जिला हैंडबाल संघ द्वारा स्व.मालती कुंवर एवं स्व. सरोज स्मृति 11वीं बिहार राज्य सब जूनियर बालिका हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 20 जून तक सासाराम के ए बी आर फाउंडेशन स्कूल, बैजला के खेल मैदान में होगा।

इस बात की विस्तृत जानकारी देते हुए रोहतास जिला हैंडबॉल संघ के सचिव विनय कृष्ण ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन स्व मालती कुंवर एवं स्व सरोज की स्मृति में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 11 वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में राज्य की 25 जिला टीमों के 260 बालिका खिलाड़ी भाग लेने आएंगी। इस संबंध में और जानकारी देते हुए रोहतास जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार राय ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन ए बी आर फाउंडेशन स्कूल बैजला सासाराम के प्रांगण में होगी और यह प्रतियोगिता दिन और रात दोनों समय खेले जाएंगे। गत दिनों प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर बिहार राज्य हैंडबॉल संघ के सचिव ब्रज किशोर शर्मा की अध्यक्षता में आयोजन समिति की बैठक हुई। संघ के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में एक जिला से 12 खिलाड़ी एवं एक प्रशिक्षक भाग लेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की आयु एक जनवरी 2011 से 31 दिसंबर 2013 के बीच होनी चाहिए।

खिलाड़ी आनलाइन रजिस्ट्रेशन 16 जून तक कर सकते हैं। खिलाड़ी अपना आधार कार्ड, डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र एवं पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाएंगे।

# गरीब कल्याण योजनाओं को गति देने पर हुआ मंथन



**दिनारा, 15 जून (तरुणमित्र)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में सोमवार को बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार कुशवाहा ने की, जबकि संचालन एवं समन्वय प्रखंड विकास पदाधिकारी कुलदीप कुमार विभूति द्वारा किया गया। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन तथा गरीब एवं वंचित वर्ग तक लाभ पहुंचाने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, मनरेगा तथा पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं की प्रगति का आकलन किया गया। समिति के सदस्यों ने कहा कि सरकार की योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा जब उनका लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ पहुंचे। इसके लिए जमीनी स्तर पर निगरानी तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है।

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने, बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता में सुधार पर बल दिया गया। स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत उपकेंद्रों की कार्यशीलता, चिकित्सकीय सुविधाओं की उपलब्धता एवं आवश्यक दवाओं की पर्याप्त आपूर्ति पर चर्चा हुई।

वहीं सड़क एवं बिजली के क्षेत्र में अब तक वंचित टोलों और बस्तियों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया गया ।मनरेगा योजना की समीक्षा के दौरान समय पर मजदूरी भुगतान, अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। इसके अलावा हर घर नल-जल योजना के तहत शुद्ध पेयजल की उपलब्धता और योजनाओं की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई।बैठक में स्पष्ट रूप से कहा गया कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही या उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा के भीतर योजनाओं को धरातल पर उतारने तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए। बैठक में उपाध्यक्ष विकास गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि मुकेश सिंह, विंध्याचल केसरी, रिंकू पांडेय, ब्रजेश सिंह, विजय चंद्रवंशी, कमला कुशवाहा, बेलालू खान, धनजी यादव, शशिकला, संतोष यादव सहित समिति के सदस्य एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सामुदायिक भवन में बीस सूत्री की बैठक, कई समस्याएँ पर विशेष रूप से चर्चा



**काराकाट /रोहतास, 15 जून (तरुणमित्र)।** प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक भवन में सोमवार को बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएँ और योजना-प्रगति पर चर्चा की। समिति के सदस्यों ने सरकारी सेवाओं में देरी और अनुपस्थित अधिकारियों पर भी नाराजगी जताई। बीस सूत्री सदस्यों ने प्रखंड मुख्यालय पर लंबे समय से खराब पड़े चापाकल को जल्द दुरुस्त करने तथा नई चापाकल लगाने की मांग उठाई, हालांकि अभी नई चापाकल लगाने की कोई ठोस योजना प्रस्तुत नहीं की गई। बीस सूत्री के बैठक में आज फिर से कार्यपालक पदाधिकारी अनुपस्थित रहे लेकिन नगर से एक स्वच्छता पदाधिकारी उपस्थित नगर से स्वच्छता पदाधिकारी से शहर में कई स्थानों पर कूड़ा-करकट जमा होने, ब्लीचिंग पाउडर का असंगत छिड़काव और साफ-सफाई में लेजिटि को लेकर कड़ा प्रश्न-चक्र चला; सदस्यों ने इन शिकायतों को कार्यवाही हेतु प्रोसिडिंग में दर्ज कराया।थानाध्यक्ष विवेक कुमार से सड़क हादसों और भारी वाहनों के अनुचित संचालन पर कड़ी नजर रखने का आग्रह किया गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिलीप कुमार से खाद की कालाबाजारी और किसान निधि योजना के तहत मिलने वाली ?2000 की राशि के संबंध में जानकारी मांगी गई।

प्रखंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार ने क्षेत्र में शैक्षिक पहलों का ब्यौरा दिया। उन्होंने देवमार्कण्डे हाई स्कूल में डिग्री कॉलेज खोलने, सुगि बाल पर स्कूल भवन निर्माण तथा कई सरकारी स्कूलों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और सार्वजनिक सहयोग का आह्वान किया। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी देवाशीष कुमार ने श्रमिक कार्ड और श्रम संबंधित योजनाओं की जानकारी दी।

बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता संजीत कुमार ने पीएम-सूर्य घर योजना का विस्तृत परिचय देते हुए नागरिकों को अपने घरों में सौर संयंत्र लगाने का मार्गदर्शन दिया। बैठक में कई सदस्य अधिकारियों की लगातार अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए सचिव सह बीडीओ राहुल कुमार सिंह से कार्रवाई की अपील की।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह, राजस्व पदाधिकारी धुरु कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी रेणुका कुमारी, थानाध्यक्ष काराकाट विवेक कुमार , प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी देवाशीष सिंह, अंचल निरीक्षक राहुल सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिलीप कुमार, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी गजेंद्र कुमार, जीविका समन्वयक अनुज कुमार, विद्युत विभाग के कनिय अभियंता संजीत कुमार, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की पल्लवी कुमारी, जीविका की प्रखंड परियोजना प्रबंधक आशा कुमारी, बाल विकास परियोजना कार्यालय से मीना कुमारी तथा टीवीओ श्यामदेव उपस्थित थे।

वही बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के सदस्य ललित मोहन सिंह, विनोद पासवान, अजीत सिंह, बिनोद पासवान, इन्दु देवी, रामनारायण चंद्रवंशी, दिनेश कुमार चंद्रवंशी, जयशंकर सिंह पटेल, बिरेन्द्र कुशवाहा, रामशंकर सिंह, मो. समशीर आलम, शांति देवी एवं राजेन्द्र पाल उपस्थित थे।

### प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**बिक्रमगंज /रोहतास , 15 जून (तरुणमित्र)।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण रोहतास द्वारा प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई । जिसका उद्घाटन प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष धनंजय सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रियांशु परासर,उद्यान पदाधिकारी ख्याति माथुर,जिला बीस सूत्री सदस्य व किसान नवीन चंद्र साह,एटीएम प्रशांत कुमार शर्मा,कृषि वैज्ञानिक डॉ वीरेंद्र सिंह,ए के जैन द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया । प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन कृषि समन्वयक संदीप सिंह ने किया । कृषि वैज्ञानिक डॉ बीरेंद्र सिंह ने शारदीय खरीफ खेती के बारे में किसानों के बीच बहुत सी बातें बताया । जैविक खेती,प्राकृतिक खेती,फसल चक्रण, उर्वरक का सही उपयोग पर जानकारी दी गई । कृषि वैज्ञानिक डॉ रतन कुमार ने खेत बचाओ अभियान के बारे में विधिवत जानकारी दी । खेत को बचाना है तो मिट्टी जांच करना होगा व हेल्थ कार्ड का सही उपयोग होना चाहिए ।

## मोहर्रम पर्व को लेकर थाना परिसर में प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न



**बिक्रमगंज / रोहतास, 15 जून (तरुणमित्र)।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण,सौहार्दपूर्ण एवं विधि- सम्मत वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को बिक्रमगंज थाना परिसर में प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई । बैठक की संयुक्त अध्यक्षता बीडीओ सुनील कुमार गौतम,सीओ अल्का कुमारी एवं कार्यकारी थानाध्यक्ष विनय कुमार ने की । बैठक में शांति समिति के सदस्य,स्थानीय जनप्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि,सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे । बैठक के दौरान मोहर्रम पर्व के अवसर पर निकलने वाले जुलूस,अखाड़ों की गतिविधियों, यातायात व्यवस्था,संवेदनशील स्थलों की निगरानी तथा आपसी सौहार्द बनाए रखने जैसे विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान नहीं देने की अपील की ।बीडीओ सुनील कुमार गौतम ने कहा कि मोहर्रम आस्था और अनुशासन का पर्व है । सभी समुदायों के लोग आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता का परिचय देते हुए पर्व मनाएं । प्रशासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक व्यक्ति सुरक्षित वातावरण में पर्व का आनंद उठा सके । उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या की सूचना तत्काल प्रशासन को दें,ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके । सीओ अल्का कुमारी ने कहा कि सरकार के दिशा-निर्देशों एवं जिला प्रशासन के आदेशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाएगा । सभी आयोजकों से अपेक्षा है कि वे निर्धारित मार्ग,समय और नियमों का अनुपालन करें । उन्होंने कहा कि शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में समाज के प्रबुद्ध लोगों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है ।कार्यकारी थानाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि मोहर्रम के दौरान कानून- व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद रहेगी । असामाजिक तत्वों,अफवाह फैलाने वालों तथा शांति भंग करने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी । उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर किसी भी अपुष्ट सूचना को साझा नहीं करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की ।

स्वत्याधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं समूह सम्पादक कैलाशनाथ के द्वारा अजीमाबाद प्रिन्टर 5-47 प्लाट न0 905 वाचस्पती कॉलनी रोड कुम्हरार गुमटी संदलपुर रोड, पटना से मुद्रित होकर 302, रघुवंशम अपार्टमेन्ट किदवईपुरी, पटना से प्रकाशित। कार्यकारी संपादक-योगेन्द्र विश्वकर्मा। फोन/फैक्स 0612-2522597, 2529927 मो. 8578001500 पोस्ट पंजीयनः CO- 174/2002 आर.एन.आई BIHHIN/2002/9030, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होंगे। email ID-tarunmitrapatna@gmail.com

# डीएम ने निर्माण कार्यों में गुणात्मक प्रगति लाने के दिए निर्देश

**संत कबीर नगर , 15 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में सी0एम0 डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों/निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सीएम डैशबोर्ड की प्रगति रिपोर्ट में खराब श्रेणी प्रदर्शित करने वाले इंडिकेटर में रहने वाले विभाग व कार्यों से संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि कार्यों/योजनाओं में गुणात्मक प्रगति लाते हुए बेहतर परफॉर्मेंस बनाए रखें।



उन्होंने कहा कि कार्यों के संचालन एवं क्रियान्वयन में लापरवाही के कारण सीएम डैश-बोर्ड पर खराब रैंकिंग दशार्ने वाले विभागीय अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जनपद में फैमिली आईडी बनाने की प्रगति की विकासखंडवार समीक्षा की गई। उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों/न्याय पंचायतों में जिन परिवारों के पास राशन कार्ड नहीं है उनका शत-प्रतिशत फैमिली आईडी बनाना सुनिश्चित करें। शहरी क्षेत्रों में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को फैमिली आईडी बनाने में प्रगति लाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए।पर्यटन विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने विलंबित परियोजनाओं को तत्काल पूर्ण करने का निर्देश दिया।चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान जननी सुरक्षा योजना में भुगतान की स्थिति, आयुष्मान भारत के अंतर्गत गोल्डन कार्ड बनाए जाने की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अंत्योदय कार्ड, श्रम कार्ड, पात्र गृहस्थी कार्ड एवं 70 वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों का पात्रता के अनुसार आयुष्मान कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आयुष्मान ऐप से स्वयं पात्रता की जांच कर आयुष्मान कार्ड बनाया जा सकता है, इसका भी प्रचार प्रसार किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विकास कार्यों से संबंधित समस्त विभागों द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित होने वाले फ्लैगशिप प्रोजेक्ट्स पर संबंधित विभागीय अधिकारियों से आंकड़ेवार जानकारी प्राप्त करते हुए विस्तृत समीक्षा करते हुए। आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी विभागीय अधिकारीगणों को निर्देशित किया कि उनके विभाग से संबंधित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति पर विशेष ध्यान दें, जिससे सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग अच्छी बनी रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने विकासखंड में संचालित समस्त विकास योजनाओं की विकासखंड स्तर पर समीक्षा करते रहे ।

जिसे कहीं कोई कमी पाए जाने अथवा कोई पात्र व्यक्ति किसी योजना से वंचित रह जाने पर संबंधित विभाग को निर्देशित किया जा सके। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जनपद में विभागों/कार्यदाई संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों/परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति, कार्यों में गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा सम्बंधित विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# एसपी ने नवनिर्मित कक्षों का किया लोकार्पण, भर्ती प्रक्रिया का भी लिया जायजा

**देवरिया, 15 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने सोमवार को पुलिस कार्यालय परिसर में नव निर्मित एवं सुसज्जित प्रधान लिपिक कक्ष, आंकिक कक्ष तथा गार्ड रूम का विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ लोकार्पण किया। इस दौरान विधिवत पूजा-अर्चना के बाद संबंधित कक्षों का शुभारंभ किया गया। इन कक्षों का शिलान्यास पूर्व पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा कराया गया था। लोकार्पण के अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कार्यालय के विभिन्न अनुभागों के सुदृढ़ीकरण से प्रशासनिक कार्यों में दक्षता, पारदर्शिता और सुगमता बढ़ेगी। इससे पुलिस कर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा और जनसेवा संबंधी कार्यों का निष्पादन अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनन्द कुमार पाण्डेय, प्रधान लिपिक भुवनेश कुमार राय, प्रतिसार निरीक्षक रामजनम राम सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी दिन पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 के तहत अभ्यर्थियों के अभिलेखों की संवीक्षा और शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी/पीएसटी) प्रक्रिया का निरीक्षण भी किया। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को निष्पक्षता, पारदर्शिता तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अभ्यर्थियों की सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और परीक्षण प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारु रूप से संपन्न कराना प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन/सलेमपुर मनोज कुमार सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### स्थाई लोक अदालत में सदस्य के एक पद के लिए आवेदन आंमत्रित

**गाजीपुर , 15 जून (तरुणमित्र)।** जनपद गाजीपुर में स्थाई लोक अदालत को सुचारू रूप से क्रियान्वित किये पत्र जाने हेतु माननीय उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के आदेश दिनांक 29 मई, 2026 के अनुसार जिला स्तर पर स्थाई लोक अदालत, गाजीपुर के सदस्य के 01 पद हेतु इच्छुक अभ्यर्थीगण से आवेदन आंमत्रित किया जाता है। आवेदकगण अपना आवेदन नियत प्रारूप पर सुस्पष्ट लेख में भर कर आवश्यक प्रपत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रतियों सहित कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर-233001 में दिनांक 06 जुलाई, 2026 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकते हैं। अधिक जानकारी व नियत आवेदन प्रारूप हेतु जनपद न्यायालय गाजीपुर की अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर तथा केन्द्रीय नजारत अनुभाग जनपद न्यायालय, गाजीपुर के नोटिस बोर्ड पर देखें। आवेदन प्राप्ति का अन्तिम तिथि 06 जुलाई, 2026 तक निर्धारित किया गया

### आत्महत्या करने जा रही महिला को बचाकर परिजनों को किया सुपुर्द

**संत कबीर नगर, 15 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद जयप्रकाश दूबे के नेतृत्व में थाना कोतवाली खलीलाबाद पर दिनाँक 14.06.2026 को अपने बच्चों के साथ ट्रेन से कटने जा रही महिला को बचाया गया । दिनाँक 14.06.2026 को समय 09.00 बजे रात्रि में थाना कोतवाली खलीलाबाद पर जरिये दूरभाष सूचना मिली कि मुखलिसपुर क्रासिंग के पास एक महिला अपने बच्चों के साथ ट्रेन से कटने जा रही है, इस सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उ0नि0 धर्मनाथ यादव, हे0का0 गणेश, का0 अरविन्द तिवारी, म0का0 अंकिता सिंह, म0का0 साधना, म0का0 महिमा यादव द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर महिला और बच्चे को सकुशल बचाकर थाने लाया गया ।पूछताछ में महिला द्वारा बताया गया कि अपने ससुराल वालों से परेशान होकर मरने जा रही थी ।मिशन शक्ति टीम द्वारा महिला के मायके तथा ससुराल पक्ष के लोगों को बुलाकर व महिला की काउंसलिंग की गयी, काउंसलिंग के उपरान्त महिला द्वारा अपने परिजनों के साथ जाने की इच्छा व्यक्त की जिसके उपरान्त महिला को परिजनों के साथ भेजा गया । परिजनों द्वारा पुलिस कार्यवाही से खुश होकर पुलिस की भूरी भूरी प्रशंसा किया गया ।

# प्रभारी मंत्री के आगमन पर सपा का जोरदार प्रदर्शन, कलेक्ट्रेट पर दिया धरना

**कुशीनगर, 15 जून (तरुणमित्र)।** जनपद के प्रभारी मंत्री के आगमन के अवसर पर सोमवार को समाजवादी पार्टी कार्यकताओं ने विभिन्न जनसमस्याओं और जनहित के मुद्दों को लेकर जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व सपा जिलाध्यक्ष रामअवध यादव ने किया, जबकि बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। धरना-प्रदर्शन में कुशीनगर विधानसभा 333 के पूर्व प्रत्याशी एवं वरिष्ठ सपा नेता राजेश प्रताप बंटी राव अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए। सपा नेताओं ने प्रदेश सरकार पर किसानों, युवाओं, बेरोजगारों, व्यापारियों तथा आम



जनता की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था, बिजली संकट, भ्रष्टाचार तथा किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि प्रदेश की जनता मौजूदा सरकार की नीतियों से परेशान है और जनहित से जुड़े मुद्दों पर सरकार पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जनता की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो समाजवादी पार्टी आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेगी। धरना-प्रदर्शन के बाद सपा प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा और विभिन्न मांगों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। इस दौरान कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जनसमस्याओं के समाधान की मांग उठाई। कार्यक्रम में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रदर्शन को लेकर जिला मुख्यालय पर सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रही।

# लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र और ट्राइ साइकिल वितरित

**देवरिया, 15 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान थीम के तहत सोमवार को सलेमपुर तहसील सभागार में जनकल्याणकारी शिविर आयोजित हुआ जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, प्रमाण-पत्र और दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल वितरित की।

राज्य मंत्री ने कहा कि सरकार गरीब, पिछड़े, वंचित और जरूरतमंद लोगों के उत्थान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया ताकि कोई भी लाभार्थी सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे।

शिविर में समाज कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति योजना के तहत 16 छात्रों को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण-पत्र तथा 10 वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से छह दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल वितरित की गई। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा सात छात्रों, महिला कल्याण विभाग द्वारा कन्या सुमंगला एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना के 10 लाभार्थियों तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा 10 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमरेश, मंडल अध्यक्ष पुनीत यादव, जिला मंत्री अभिषेक जायसवाल, मंडल उपाध्यक्ष अनूप तथा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अशोक तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे। शिविर के नोडल अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय रहे।

अधिकारियों ने बताया कि जनकल्याणकारी शिविरों की श्रृंखला के अंतर्गत अगला शिविर 17 जून को बरहज तहसील में आयोजित किया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक लोगों से भाग लेकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

# गांव का विकास हम चलाएं पर राज्य कर्मचारी का दर्जा कब

**बाराबंकी, 15 जून (तरुणमित्र)।** मनरेगा से लेकर वीवीजी रामजी योजना तक गांव-गांव सरकारी योजनाओं को जमीन पर उतारने वाले ग्राम रोजगार सेवक सोमवार को बाराबंकी में सड़क पर उतर आए। ग्राम रोजगार सेवक (पंचायत मित्र) वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले निकली रैली ने जिला प्रशासन को हिला दिया। जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्राम रोजगार सेवकों ने पहले रैली निकाली, फिर डीआरडीए में सभा कर उपायुक्त श्रम रोजगार के जरिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। प्रशासन ने शुरू में ज्ञापन बंकी ब्लॉक में लेने की कोशिश की, लेकिन सेवक डटे रहे। बाद में नायब तहसीलदार नम्रता दुबे और उपायुक्त विकास मिश्रा से वार्ता के बाद रैली की अनुमति मिली।

ग्राम रोजगार सेवकों की मुख्य मांगें है कि राज्य कर्मचारी का दर्जा, सम्मानजनक मानदेय में ठोस वृद्धि और समय पर भुगतान और भुगतान के लिए अलग बजट व्यवस्था, 4 अक्टूबर 2021 को सीएम द्वारा की गई घोषणाओं को तुरंत लागू करना, मनरेगा की जगह आ रही वीवीजी रामजी योजना में सेवकों की भूमिका स्पष्ट करना। आकाश त्रिपाठी ने कहा हम ग्रामीण विकास और मनरेगा का पहिया चलाते हैं, लेकिन आज भी मानदेय और सेवा सुरक्षा से वंचित हैं।जिला प्रभारी जमनेश कनौजिया ने चेताया अगर सरकार ने शीघ्र फैसला नहीं लिया तो 1 जुलाई 2026 को लखनऊ में वीवीजी रामजी योजना के शुभारंभ पर प्रदेश स्तरीय महाप्रदर्शन किया जाएगा।

# वृद्धजनों और दिव्यांगजनों के बीच पहुंचकर पुलिस ने सुनीं समस्याएं

**संत कबीर नगर, 15 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में भयमुक्त वातावरण बनाने और 'मित्र पुलिस' की छवि को चरितार्थ करने के उद्देश्य से कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में आज थाना मेहदावल क्षेत्रान्तर्गत कस्बा मेहदावल व ग्राम सभा बेलवानिया में एक वृहद जनसंवाद बैठक का भव्य आयोजन किया गया। इस बैठक की खास बात यह रही कि पुलिस टीम ने खुद आम जनमानस, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के बीच पहुंचकर उनकी सुध ली और उनकी समस्याओं का मौके पर संज्ञान लिया। बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को मिला विशेष संबलः- जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट के अधिकारियों ने संवेदनशीलता की मिसाल पेश करते हुए क्षेत्र के वृद्धजनों और दिव्यांगजनों के समीप जाकर उनसे बातचीत की। पुलिस टीम ने उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और उनके अधिकारों से जुड़ी समस्याओं को अत्यंत गंभीरता से सुना। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि समाज के इन विशेष और सम्मानित वर्गों की सुरक्षा व सहायता के लिए पुलिस 24 घंटे तत्पर है और इन्हें किसी भी आपात स्थिति में थाने या चौकी की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। साइबर अपराध व सरकारी योजनाओं के प्रति किया जागरूकःबैठक में उपस्थित सैकड़ों नागरिकों को वर्तमान में बढ़ रहे साइबर फ्रॉड (ऑनलाइन ठगी) से बचने के उपाय बताए गए। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। सीपीयू टीम द्वारा ग्रामीणों से अपील की गई कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सैकड़ों ग्रामीणों की रही उपस्थिति, पुलिस की पहल को सराहाः-* इस वृहद चौपाल/बैठक में थाना मेहदावल क्षेत्र के सैकड़ों संभ्रांत नागरिकों, युवाओं और डिजिटल वॉलिंटियर्स ने सहभागिता की।



# संकल्प से सिद्धि, सेवा से सुशासन को समर्पित रहे हैं पीएम मोदी के 12 वर्ष : प्रभारी मंत्री

**कुशीनगर, 15 जून (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष जनसेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रहा हैं। यह अवधि संकल्प से सिद्धि की यात्रा का सशक्त उदाहरण है। जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए प्रभावी कार्य किए गए हैं। उक्त बातें जनपद के प्रभारी मंत्री, कारागार मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार दारा सिंह चौहान ने जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में कहीं। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष जनसेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रहे हैं। यह अवधि ?संकल्प से सिद्धि? की यात्रा का सशक्त उदाहरण रहा है। जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए प्रभावी कार्य किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि बीते 12 वर्षों में भारत ने आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व प्रगति की है। जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है तथा लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकलने में सफल हुए हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाना, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा निवेश और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना सरकार की प्रमुख प्राथमिकताएं रही हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत अभियान, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा स्वयं सहायता समूहों को सशक्त कर विभिन्न योजनाओं ने इन उद्देश्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य सुरक्षा तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों की बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित हुई है।

# आईजीआरएस शिकायतों के गलत निस्तारण पर पांच अधिकारियों को चेतावनी

**देवरिया, 15 जून (तरुणमित्र)।** आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही सामने आने पर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने पांच अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण वास्तविक तथ्यों और निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर भविष्य में विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि आईजीआरएस प्रकरणों के फीडबैक की समीक्षा के दौरान कई मामलों में त्रुटिपूर्ण आख्या दर्ज किए जाने की जानकारी मिली। ग्राम जोगम निवासी सुधा विश्वकर्मा की बिना मान्यता के विद्यालय संचालन संबंधी शिकायत के निस्तारण में खामी पाए जाने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सचेत किया गया। वहीं ग्राम चिलवन मोहन निवासी असर्फी देवी की भूमि पर अवैध निर्माण से जुड़ी शिकायत के मामले में बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी को चेतावनी दी गई।

इसी तरह इंदिरा नगर, सलेमपुर निवासी दिलीप कुशवाहा द्वारा भूमिधरी भूमि पर अवैध कब्जा रोकवाने और पत्थर उखाड़े जाने की शिकायत के निस्तारण में कमी मिलने पर तहसीलदार सलेमपुर को सचेत किया गया। भागलपुर विकास खंड के जय मिश्रा एवं रमन कुशवाहा तथा भाटपाररानी क्षेत्र के अंकित प्रजापति द्वारा दर्ज कराई गई साफ-सफाई संबंधी शिकायतों के निस्तारण में भी त्रुटियां पाए जाने पर संबंधित सहायक विकास अधिकारियों को चेतावनी जारी की गई।जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आईजीआरएस प्रकरणों का निस्तारण पूरी गंभीरता, गुणवत्ता और वास्तविकता के आधार पर करें तथा तथ्यों के अनुरूप ही आख्या प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अखिलेश पुनः संभालेंगे प्रदेश की बागडोर : यासिर किदवई

**बाराबंकी, 15 जून (तरुणमित्र)।** आने वाले समय में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव पुनः प्रदेश की बागडोर संभालेंगे सपा ही ऐसी पार्टी जिसमें समाज के सभी वर्ग के लोगों का हित सुरक्षित है। यह बात कस्बा बदोसराय में प्रेस वार्ता के दौरान रामनगर विधानसभा क्षेत्र से यासिर किदवई ने कहीं उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सपा ही सेकुलर पार्टी बचेगी जो प्रदेश में सरकार बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करेगी एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हमारे राजनीतिक गुरु पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय बेनी बाबूजी है सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव जी की ओर से यदि हमें रामनगर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का अवसर मिला तो आप लोगों के बीच में आकर अवश्य चुनाव लड़ेंगे सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देशन में व स्व0 बेनी बाबू के सुपुत्र कसर बाकी नहीं रखूंगा।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**देवरिया, 15 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में सोमवार को जिले के सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों ने मिशन शक्ति फेज-5.0 और शक्ति दीदी अभियान के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से संबंधित जानकारी दी गई तथा हेल्पलाइन नंबरों वाले पंपलेट वितरित किए गए।

भटनी, महुआडीह और लार थाना क्षेत्रों समेत विभिन्न स्थानों पर टीमों ने महिलाओं व बच्चियों को डायल-112, महिला हेल्पलाइन-181, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, सीएम हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेंटर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 तथा साइबर हेल्पलाइन-1930 के बारे में जानकारी दी।पुलिस टीमों ने सार्वजनिक स्थलों, बाजारों और धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं को उनके अधिकारों तथा शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में महिलाएं और बालिकाएं तत्काल हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग कर सहायता प्राप्त कर सकती हैं।अभियान के दौरान महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे आने तथा किसी भी घटना की सूचना बिना संकोच पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया।

# जनसंवाद बैठक का आयोजन, सैकड़ों लोगों ने की सहभागिता

**संत कबीर नगर, 15 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना* के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सुशील कुमार सिंह* के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा अभयनाथ मिश्र* के निकट पर्यवेक्षण में थाना महुली क्षेत्र में कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट द्वारा वृहद जनसंवाद बैठक का आयोजन किया गया ।

बैठक में ग्राम प्रधानों, संभ्रांत नागरिकों, व्यापारियों, शिक्षकों, युवाओं, महिला समूहों एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया । बैठक के दौरान पुलिस एवं जनता के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने, अपराध नियंत्रण में जनसहभागिता बढ़ाने तथा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने पर विस्तृत चर्चा की गई । उपस्थित लोगों को साइबर अपराधों, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक एवं डिजिटल भुगतान सम्बन्धी धोखाधड़ी से बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181 तथा मिशन शक्ति अभियान की जानकारी देते हुए सुरक्षा संबंधी उपायों से अवगत कराया गया ।

साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं अफवाह फैलाने वाली सूचनाओं से सावधान रहने तथा ऐसी गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गयी । बैठक में किरायेदारों, घरेलू सहायकों एवं बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन, यातायात नियमों के पालन, नशामुक्त समाज के निर्माण तथा सामुदायिक सहयोग से अपराधों की रोकथाम पर विशेष बल दिया गया ।

उपस्थित नागरिकों से अपने आसपास होने वाली संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को उपलब्ध कराने का आह्वान किया गया । कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने, क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध सूचना देकर पुलिस का सहयोग करने का आश्वासन दिया ।

### निरीक्षण भवन में कल होगा महिला जन सुनवाई का आयोजन

**गाजीपुर , 15 जून (तरुणमित्र)।** जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार सोनी ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय महिला के निदेर्शानुसार उ०प्र० राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीडन की रोकथाम एवं पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं को सुगमता की दृष्टिगत जनपद गाजीपुर में निरीक्षण भवन/पी0डब्लू डी0 गेस्ट हाउस में आयोजित माह जून के तृतीय बुद्धवार को दिनांक 1706.2026 को प्रातः 11.00 बजे तक किया जायेगा। उन्होने जनपद के समस्त महिला उत्पीडन से सम्बन्धित आवेदनो का निस्तारण हेतु दिनांक 17.06.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे महिला जनसुनवाई/समीक्षा बैठक की जानी है आप ज्यादा से ज्यादा इस जनसुनवाई/समीक्षा में उपस्थित होने का कष्ट करे। आयोग की मा० सदस्य श्रीमती सुनिता श्रीवास्तव जी की अध्यक्षता में महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

# डीएम की मौजूदगी में सभी टीबी मरीजों को वितरित की गई पोषण पोटली

**गाजीपुर, 15 जून (तरुणमित्र)।** जनपद गाजीपुर के जिलाधिकारी श्री अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में राइफल क्लब गाजीपुर में लॉर्ड्स डिस्टलरी लिमिटेड गाजीपुर के सहयोग से प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत 50 क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य चिकित्साधिकारी गाजीपुर एवं जिला क्षय रोग अधिकारी गाजीपुर के सहयोग से सभी टी बी मरीजों को पोषण पोटली वितरित कराया गया। जिलाधिकारी गाजीपुर द्वारा बताया गया कि जनपद गाजीपुर में 24 मार्च 2026 से 100 दिवसीय सघन टी बी अभियान चल रहा है जनपद गाजीपुर में हैंडल एक्सेल मशीन प्राप्त मात्रा में उपलब्ध है जिससे कि गांव गांव जाकर मेडिकल मोबाइल बैन के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग की चेष्ट एक्स-रे हैंडल एक्सरे मशीन द्वारा प्रतिदिन 600 से 700 कराया जा रहा है और प्रतिदिन 20000 बलगम का जांच कराने का लक्ष्य रखा गया है जनपद गाजीपुर के सभी ब्लॉक में ट्र नैट मशीन उपलब्ध है जिससे बलगम जांच कराया जा रहा है जनपद गाजीपुर में 19 ट्र नैट मशीन एवं दो सी बी नैट मशीन उपलब्ध है जिससे सभी संभावित टीवी मरीजों का बलगम जांच एवं चेस्ट एक्सरे कराया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी गाजीपुर द्वारा बताया गया कि प्रत्येक माह के 15 तारीख को सभी ब्लॉक में टीवी मरीजों को पोषण पोटली वितरित किया जा रहा है। सभी को निक्षय मित्र बनकर टीवी मरीजों को गोद लेने के लिए अपील किया गया।



उक्त कार्यक्रम में लॉर्ड्स डिस्टलरी की तरफ से आनंद राय (एच आर, एडमिन), जिला क्षयरोग विभाग कि तरफ से डॉक्टर मिथिलेश कुमार सिंह (डीपीसी), विवेक सिंह, वेंकटेश शर्मा, सुनील वर्मा, शशि सिंह, सौरभ सिंह उपस्थित रहे।

# आर्चरी वर्ल्ड कप में भारत का डबल गोल्ड: धीरज बोम्मादेवरा और कुमकुम अनिल मोहोड ने रचा इतिहास



**अंताल्या (तुर्किये)।** भारतीय तीरंदाजी टीम ने आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-3 में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। भारतीय जोड़ी धीरज बोम्मादेवरा और कुमकुम अनिल मोहोड ने रिकर्व मिक्स्ड टीम स्पर्धा में विश्व नंबर-1 दक्षिण कोरिया को हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि धीरज ने पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में भी स्वर्ण जीतकर भारत को दोहरी सफलता दिलाई। भारतीय तीरंदाजी संघ ने उक्त जानकारी सोमवार को एक बयान में दी। रिकर्व मिक्स्ड टीम फाइनल में भारतीय जोड़ी ने शानदार खेल दिखाते हुए दक्षिण कोरिया को 5-1 से हराया। भारत ने इससे पहले डेनमार्क, अमेरिका और जर्मनी को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

यह उपलब्धि भारत के लिए इसलिए भी खास रही क्योंकि 2021 के बाद पहली बार भारत ने किसी वर्ल्ड कप चरण में रिकर्व मिक्स्ड टीम स्वर्ण पदक जीता है। इसके बाद धीरज बोम्मादेवरा ने पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व फाइनल में दक्षिण कोरिया के ली वू सियोक को 7-3 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके साथ वह 2021 के बाद वर्ल्ड कप स्तर पर पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय तीरंदाज बन गए।

धीरज का यह प्रदर्शन भारतीय तीरंदाजी के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है क्योंकि उन्होंने टीम और व्यक्तिगत दोनों वर्गों में स्वर्ण जीतकर अपनी विश्वस्तरीय क्षमता साबित की। भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि भारतीय तीरंदाजी के बढ़ते स्तर और खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम है।

संघ के मानद महासचिव वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि चयन प्रक्रिया और राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का असर अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर साफ दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज 3 का आयोजन 9 से 14 जून तक तुर्किये के अंताल्या में किया गया।

# महिला हॉकी नेशंस कप 2026 : भारत की जीत के साथ शुरूआत, अमेरिका को 3-2 से हराया



**ऑकलैंड।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2026 के अपने पहले मुकाबले में दमदार वापसी करते हुए सोमवार को अमेरिका को 3-2 से हराकर टूर्नामेंट का विजयी आगाज किया। ऑकलैंड के नॉर्थ हार्बर नेशनल हॉकी सेंटर में खेले गए पूल-ए मुकाबले में भारत ने शुरूआती झटकों के बाद शानदार खेल दिखाया।

मैच की शुरूआत भारत के लिए चुनौतीपूर्ण रही। अमेरिका ने आक्रामक खेल दिखाते हुए चौथे मिनट में एशले सेसा के फील्ड गोल से बढ़त बनाई। इसके बाद सातवें मिनट में मैडलिन जिमर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अमेरिका को 2-0 की बढ़त दिला दी। दो गोल से पीछे होने के बाद भारतीय टीम ने धीरे-धीरे मैच पर पकड़ बनानी शुरू की। दूसरे क्वार्टर में वापसी कर रही ड्रैग-फ्लिक विशेषज्ञ दीपिका ने 17वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर अंतर कम किया। इसके बाद भारतीय टीम का दबाव लगातार बढ़ता गया। 24वें मिनट में भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और दीपिका ने एक बार फिर शानदार कन्वर्जन करते हुए स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया।

बराबरी के बाद भारत ने अपनी लय बरकरार रखी और हाफ टाइम से पहले ही बढ़त हासिल कर ली। 28वें मिनट में नवनीत कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को 3-2 की बढ़त दिला दी।

दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने कई मौके बनाए, लेकिन दोनों ओर की रक्षापंक्ति मजबूत रही। पूरे मैच में दोनों टीमों को छह-छह पेनल्टी कॉर्नर मिले, हालांकि कोई भी टीम आगे गोल नहीं कर सकी।

भारत ने अंतिम क्षणों तक बढ़त बनाए रखी और महत्वपूर्ण तीन अंक अपने नाम किए। दो गोल करने वाली दीपिका को शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ भारतीय टीम पूल-ए में तीन अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई। जापान भी तीन अंकों पर है, लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण शीर्ष पर बना हुआ है। अब भारतीय महिला टीम अपना अगला मुकाबला 16 जून को जापान के खिलाफ खेलेगी।

# फीफा विश्व कप 2026: यासिन अयारी के दो गोलों की बदौलत स्वीडन ने ट्यूनीशिया को 5-1 से रौंदा



**मोंटेरे।** फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-एफ मुकाबले में स्वीडन ने सोमवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्यूनीशिया को 5-1 से हराकर अपने अभियान की दमदार शुरूआत की। मोंटेरे स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में यासिन अयारी दो गोल दागकर जीत के नायक बने। स्वीडन ने मैच की शुरूआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और सातवें मिनट में बढ़त हासिल कर ली। यासिन अयारी ने बॉक्स के बाहर से जोरदार शॉट लगाकर गेंद को गोल में पहुंचाया।

इसके बाद 30वें मिनट में स्टार स्ट्राइकर अलेक्जेंडर इसाक ने दूसरा गोल कर स्वीडन की बढ़त को दोगुना कर दिया।

पहले हाफ के अंतिम क्षणों में ट्यूनीशिया ने वापसी की उम्मीद जगाई। ओमर रेकीक ने शानदार हेडर लगाकर टीम के लिए गोल किया और स्कोर 2-1 कर दिया। हालांकि दूसरे हाफ में स्वीडन ने मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण कर लिया। 59वें मिनट में विक्टर ग्योकेरेस ने तीसरा गोल कर ट्यूनीशिया की वापसी की संभावनाओं को लगभग खत्म कर दिया।

इसके बाद मैच में उतरे स्थानापन्न खिलाड़ी मटियास स्वानबर्ग ने मैदान पर आने के मात्र 18 सेकंड के भीतर गोल दागकर स्वीडन की बढ़त 4-1 कर दी। इंजरी टाइम में एक बार फिर यासिन अयारी ने बॉक्स के बाहर से शानदार शॉट लगाकर अपना दूसरा और टीम का पांचवां गोल किया। इस जीत के साथ स्वीडन ने ग्रुप-एफ में तीन अंक हासिल कर शानदार शुरूआत की, जबकि ट्यूनीशिया को अपने अगले मुकाबले में वापसी की चुनौती का सामना करना होगा।

# वेस्टइंडीज ने तीसरे टी-20 में श्रीलंका को 5 विकेट से हराया



**जमैका।** तेज गेंदबाज शमार जोसेफ की करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी और शेरफेन रदरफोर्ड की संयमित अर्धशतकीय पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने तीसरे और निर्णायक टी20 मुकाबले में सोमवार को श्रीलंका को 5 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरूआत अच्छी रही। कमिल मिशारा और पथुम निसांका ने तेज रन बनाए और टीम ने शुरूआती ओवरों में मजबूत स्थिति बना ली। पांचवें ओवर तक स्कोर 48/1 पहुंच गया था और बड़ा स्कोर बनने की उम्मीद दिख रही थी।

हालांकि इसके बाद मैच का रुख पूरी तरह बदल गया। तेज गेंदबाज शमार जोसेफ ने अपने पहले ही ओवर में दो बड़े विकेट लेकर श्रीलंका की लय तोड़ दी। मिशारा 23 गेंदों पर 28 रन बनाकर आउट हुए और इसके बाद श्रीलंका लगातार विकेट गंवाता चला गया।

मध्यक्रम में दासुन शनाका और दुनिथ वेलालागे ने पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन शनाका के आउट होने के बाद दबाव और बढ़ गया। वेलालागे ने कुछ आक्रामक शॉट लगाकर टीम को संभालने का प्रयास किया, लेकिन अंतिम ओवर में फिर शमार जोसेफ ने तीन विकेट लेकर श्रीलंका को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 169 रन पर सिमट गई। जोसेफ ने 5 विकेट लेकर 33 रन दिए और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला पांच विकेट हॉल दर्ज किया। 170 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरूआत धीमी रही। शुरूआती तीन ओवरों में सिर्फ 10 रन बने और कप्तान शाई होप जल्दी आउट हो गए। इसके बाद शिमरॉन हेटमायर ने तेज बल्लेबाजी करते हुए टीम को संभाला। मध्य ओवरों में श्रीलंका के स्पिनरों, खासकर वानिंदु हसरंगा, ने मैच में वापसी कराई और वेस्टइंडीज का स्कोर 10 ओवर में 64/4 हो गया। ऐसे समय में शेरफेन रदरफोर्ड ने जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने दबाव में बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 54 रन (40 गेंद) बनाए और टीम को जीत के करीब पहुंचाया। अंत में जेसन होल्डर ने तेजी से रन बनाते हुए मैच खत्म कर दिया। वेस्टइंडीज ने 19.4 ओवर में 170/5 बनाकर मुकाबला जीत लिया और सीरीज पर कब्जा जमा लिया।

संक्षिप्त स्कोरः श्रीलंका - 169 ऑलआउट (20 ओवर)

दुनिथ वेलालागे 43 रन, शमार जोसेफ 5/33 वेस्टइंडीज - 170/5 (19.4 ओवर) शेरफेन रदरफोर्ड 54, जेसन होल्डर 21, वानिंदु हसरंगा 2/17, परिणामः वेस्टइंडीज 5 विकेट से विजयी, सीरीज 2-1 से जीती।

## अर्थव्यवस्था

# मार्च के बाद सबसे निचले स्तर पर आया कच्चा तेल, डब्ल्यूटीआई क्रूड 79.76 डॉलर के स्तर तक फिसला

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए बनी सहमति के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत मार्च के बाद के अभी तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। पश्चिम एशिया में तनाव खत्म होने की संभावना की वजह से कच्चे तेल की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले डेढ़ महीने के दौरान 37 डॉलर प्रति बैरल तक गिर चुकी है।

इस गिरावट के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में 120 डॉलर प्रति बैरल तक की छलांग लगाने वाला ब्रेंट क्रूड आज 82.70 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक आ गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया है कि होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते ऑयल टैंकर्स और मालवाहक जहाजों की आवा-जाही फिर से शुरू करने और ईरान के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए एक शुरूआती समझौते पर काफी हद तक सहमति बन गई है। जल्दी ही दोनों देशों के बीच युद्ध समाप्त करने के लिए समझौता हो सकता है। ट्रंप की इस घोषणा के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की तरह ही वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड की कीमत मार्च के बाद पहली बार गिर कर 80 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से भी नीचे गिर गई।

आज के कारोबार की बात करें तो ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स की कीमत 4.20 डॉलर प्रति बैरल यानी पांच प्रतिशत की गिरावट के साथ 83.07 डॉलर के स्तर पर आ गई। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड फ्यूचर्स 4.7 डॉलर प्रति बैरल यानी 5.6 प्रतिशत लुढ़क कर 80.12 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया।

फिजिकल मार्केट में ब्रेंट क्रूड आज 3.52 डॉलर प्रति बैरल टूट कर 83.81 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के कुछ देर बाद ब्रेंट क्रूड फिसल कर मार्च महीने के बाद के सबसे निचले स्तर 82.70 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर आ गया। भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 2:30 बजे ब्रेंट क्रूड 4.35 डॉलर प्रति बैरल यानी 4.98 प्रतिशत टूट कर 82.98 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड ने आज 3.95 डॉलर प्रति बैरल लुढ़क कर 80.93 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। थोड़ी देर में ही यह फिसल कर 80 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से भी नीचे फिसल कर 79.76 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर आ गया। भारतीय समय के अनुसार दोपहर 2:30 बजे डब्ल्यूटीआई क्रूड 4.59 डॉलर प्रति बैरल यानी 5.41 प्रतिशत टूट कर 80.29 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

# मई में यात्री वाहनों की थोक बिक्री में 27.3 फीसदी का इजाफा : सियाम

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री में इजाफा हुआ है। मई में यात्री वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 27.3 फीसदी बढ़कर 4,38,854 इकाई हो गई। मई 2025 में थोक बिक्री 3,44,656 इकाई रही थी। उद्योग संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने सोमवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। सियाम की ओर से जारी एक बयान के अनुसार दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री भी मई महीने में 14.8 फीसदी बढ़कर 19,02,209 इकाई हो गई, जो मई 2025 में 16,57,116 इकाई थी।

उद्योग संगठन सियाम के मुताबिक तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री मई में 31.1 फीसदी बढ़कर 70,720 इकाई हो गई, जबकि एक वर्ष पहले इसी महीने में यह 53,942 इकाई रही थी। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने जारी बयान में कहा, 'यात्री वाहनों, तिपहिया और दोपहिया वाहनों ने मई 2026 में अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की, जिसमें हर सेगमेंट में दोहरे अंकों की मजबूत वृद्धि हुई है।' उन्होंने कहा, 'पिछले वर्ष मई के निम्न आधार प्रभाव और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कमी से उत्पन्न मांग, साथ ही आसान वित्तपोषण के कारण मई महीना फिर से खपत में वृद्धि के रूप में दिख रही है।'

# अद्वित ज्वेल्स का आईपीओ 23 जून को खुलेगा, प्राइस बैंड 130–138 रुपये प्रति शेयर



**मुंबई।** जयपुर स्थित अद्वित ज्वेल्स लिमिटेड कंपनी का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) मंगलवार, 23 जून को खुलेगा। इसमें निवेश के लिए निवेशक 25 जून तक बोली लगा सकते हैं। इसके लिए मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) 130-138 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में बताया कि उसका आईपीओ मंगलवार, 23 जून को खुलकर 25 जून को बंद होगा। इसमें निवेश के लिए एंकर निवेशक 22 जून को बोली लगा सकेंगे। अद्वित ज्वेल्स लिमिटेड ने इसके लिए मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) 130-138 रुपये प्रति शेयर तय किया है। इश्यू बंद होने के बाद इसके शेयर का अलॉटमेंट 29 जून को फाइनल हो सकता है। इसके शेयर बीएसई और एनएसई पर 1 जुलाई को सूचीबद्ध होंगे। अद्वित ज्वेल्स लिमिटेड के 10 रुपये फेस वैल्यू वाले इस इश्यू के लिए निवेशक कम से कम 100 इक्विटी शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं और उसके बाद 100 के मल्टीपल में बोली लगा सकते हैं। यह आईपीओ पूरी तरह से 1.19 करोड़ इक्विटी शेयरों का एक फ्रेश इश्यू है, जबकि इसमें बिक्री के लिए कोई प्रस्ताव घटक नहीं है। कंपनी इस नए इश्यू से प्राप्त 65 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग अपनी बढ़ती कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए करेगी, 65 करोड़ रुपये का उपयोग ऋण चुकाने के लिए किया जाएगा। वहीं, शेष राशि का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि अद्वित ज्वेल्स लिमिटेड कंपनी भारत के रत्न और आभूषण हब, जयपुर (राजस्थान) में स्थित है। इस कंपनी का ब्रांड का नाम 'रंभजो' है। यह कंपनी पारंपरिक और आधुनिक हाथ से बनी बेहतरीन आभूषण बनाती और बेचती है, जिसमें कुंदन, पोल्की, डायमंड और जड़े हुए पीस मुख्य रूप से शामिल हैं।

# सरकार विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए और कदम उठाएगी: सीतारमण




**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि सरकार देश में और विदेशी पूंजी लाने के लिए और कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि बॉन्ड मार्केट के लिए घोषित उपाय तो बस शुरूआत भर थे। सीतारमण ने नई दिल्ली में 'हीरो माइंडमाइन समिट 2026' को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, 'हम मानते हैं कि हमें और विदेशी पूंजी की जरूरत है।' वित्त मंत्री ने कहा कि विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और सरकार के घोषित उपाय महज शुरूआत हैं, जबकि अभी आगे और कदम उठाए जा सकते हैं।

'हीरो माइंडमाइन समिट 2026' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकारी प्रतिभूतियों में विदेशी निवेशकों द्वारा किए गए निवेश पर ब्याज और पूंजीगत लाभ कर से छूट जैसे उपाय विदेशी पूंजी को वापस आकर्षित करने की दिशा में पहला कदम हैं। सीतारमण ने कहा, "यह कहानी का अंत नहीं है और कदम उठाए जाएंगे। हम मानते हैं कि हमें और अधिक विदेशी पूंजी की आवश्यकता है।" सीतारमण ने 'माइंडमाइन समिट 2026' में हीरो एंटरप्राइज के चेयरमैन सुनील कांत मुंजाल और मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के चेयरमैन रामदेव अग्रवाल के साथ एक अनौपचारिक बातचीत (फायरसाइड चैट) में हिस्सा लिया। इस दौरान वित्त मंत्री ने कहा कि वैश्विक स्थिति हर सप्ताह बदल रही है और नई-नई चुनौतियां सामने आ रही हैं। इसलिए देश को हर ऐसी आपात स्थिति के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि आरबीआई द्वारा घोषित ढांचे के तहत मुद्रा जोखिम की लागत आरबीआई वहन करेगा, जिससे बैंक बिना बाधा अपने संसाधन जुटा सकेंगे। भारतीय अर्थव्यवस्था कच्चे माल, कच्चे तेल और उर्वरकों के आयात के कारण "गंभीर दबाव" का सामना कर रही है। हालांकि उन्होंने कहा कि सक्रिय नीतियों और राज्यों की मजबूत भागीदारी की वजह से भारत का डेटा सेंटर और जीसीसी इकोसिस्टम तेजी से बढ़ रहा है, जो गतिविधियां पहले बेंगलुरु, हैदराबाद और दिल्ली-एनसीआर तक ही सीमित थीं, वे अब तुमकुरु और मंगलुरु जैसे टियर-2 शहरों तक भी फैल रही हैं। इसका मतलब होगा ज्यादा नौकरियां, बेहतर डेटा सुरक्षा और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा।

उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ने 5 जून को बैंकों को तीन से पांच वर्ष की अवधि वाले विदेशी मुद्रा गैर-निवासी (बैंक) जमा के लिए अपनी मुद्रा अदला-बदली सुविधा का उपयोग करने की अनुमति दी थी, जिससे वे अमेरिकी यूएस डॉलर जमा को आरबीआई के साथ बदल सकें एवं मुद्रा जोखिम का प्रबंधन कर सकें।

# थोक महंगाई दर मई में बढ़कर 9.68 फीसदी पर पहुंची

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के देश में थोक महंगाई दर मई माह में बढ़कर 9.68 फीसदी पर पहुंच गई। वहीं पिछले महीने अप्रैल में यह 8.26 फीसदी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को थोक मूल्य सूचकांक (डूब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई दर के आंकड़े जारी किए। मंत्रालय ने कहा कि ईंधन एवं बिजली, विनिर्मित उत्पादों और खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेज वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। मंत्रालय ने आधार वर्ष को 2011-12 से संशोधित कर 2022-23 करने के बाद डूब्ल्यूपीआई पर आधारित महंगाई के जारी आंकड़ों में कहा कि ईंधन और बिजली श्रेणी में थोक महंगाई दर मई में बढ़कर 30.33 फीसदी हो गई, जो अप्रैल में 24.89 फीसदी थी। इस दौरान कच्चे पेट्रोलियम की महंगाई दर 61.51 फीसदी रही, जबकि अप्रैल में यह 56.31 फीसदी थी। आंकड़ों के मुताबिक थोक महंगाई दर में यह तेज वृद्धि पश्चिम एशिया में जारी संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रभावी अवरोध के कारण हुई, जहां से भारत अपने अधिकतर कच्चे तेल का आयात करता है। इसका असर खाद्य कीमतों पर भी पड़ा है।